* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 169

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राष्ट्रपति मुर्मू ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान में भरी उड़ान






## मोदी ने चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी

**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चेन्नई स्टेशन पर चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी। इस ट्रेन से दोनों शहरों के बीच ट्रेन यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की कमी आयेगी। यह ट्रेन दोनों शहरों के बीच की दूरी 5 घंटे 50 मिनट में तय करेगी। मोदी ने ट्रेन में स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। इसके पहले मोदी ने चेन्नई एयरपोर्ट पर बने नये इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया। उन्होंने एयरपोर्ट से चेन्नई रेलवे स्टेशन तक रोड शो भी किया।

### राज्य के अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों ने दिखायी धमक

# लोहरदगा, गोला, बोकारो में जेसीबी और ट्रैक्टर फूंका

- मजदूरों की पिटाई भी की, बम विस्फोट कर फैलायी दशहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक ओर नक्सलियों के खिलाफ पुलिस सख्त कदम उठा रही है। पांच दिन पहले 3 अप्रैल को पुलिस ने चतरा में पांच नक्सलियों को मार गिराया था। साथ ही विभिन्न इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच नक्सली भी घटना को अंजाम देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। मौका मिलते ही अपनी धमक दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार रात और शनिवार अहले सुबह राज्य के तीन अलग-अलग हिस्सों लोहरदगा, गोला और बोकारो में नक्सलियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनियों का जेसीबी और ट्रैक्टर फूंक डाले। बम विस्फोट कर दहशत फैलाने की कोशिश की। हालांकि ये सभी मामले लेवी से जुड़े हुए हैं।

## लोहरदगा में पीएलएफआइ उग्रवादियों ने मचाया तांडव

**लोहरदगा।** उग्रवाद प्रभावित लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू गांव में स्थित बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क्स लिमिटेड के स्टोन माइंस और क्रशर प्लांट पर पीएलएफआइ उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात हमला कर जम कर तांडव मचाया। उग्रवादियों ने क्रशर प्लांट में साइलेंट डीजी जेनरेटर और पोकलेन मशीन को आग लगी दी। दहशत फैलाने के लिए दो बम विस्फोट भी किया। घटना शुक्रवार देर रात की है। घटना की पुष्टि कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने की है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार और डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने घटना की विस्तृत जानकारी ली है। कुडू थाना में पीएलएफआइ उग्रवादियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद क्रेशर में कामकाज बंद हो गया है। उग्रवादियों ने बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क्स लिमिटेड के मालिक से लेवी के लिए दबाव बनाया था। लेवी राशि नहीं मिलने के कारण पीएलएफआइ उग्रवादियों ने घटना को अंजाम दिया।

## गोला में पुल निर्माण में लगे दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर फूंके

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के परसाडीह गांव में शुक्रवार की देर रात को हथियार बंद नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगी दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। ये सभी रविंद्र महतो कंस्ट्रक्शन की थीं। नक्सलियों ने काम में लगे चार मजदूरों को पीट कर घायल कर दिया। निर्माण स्थल पर बने कमरे को आग के हवाले कर दिया। इसमें कंपनी के कुछ रुपये और महत्वपूर्ण कागजात के जलने की चर्चा है। जानकारी के अनुसार परसाडीह में पिछले 2019 से 14 करोड़ रुपये की लागत से दामोदर नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार रात को रविंद्र महतो कंस्ट्रक्शन के निर्माण साइट पर 15 से 20 लोग वर्दी पहन कर पहुंचे। इसके बाद एक-एक करके पांचों वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वर्दी के कारण ही नक्सली घटना की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने अपना वर्चस्व दिखाने और लेवी नहीं मिलने के कारण घटना को अंजाम दिया है।

## बोकारो में निर्माण कार्य से जुड़े व्यक्ति के घर पर हमला

**बोकारो।** नक्सलियों ने बोकारो जिले के गोमिया के केरी इलाके में देर रात तांडव मचाया है। नक्सलियों ने क्षेत्र के निवासी रामलोचन साव (लीला साव) के घर के बाहर खड़ी जेसीबी और चार ट्रैक्टर में आग लगा दी। बता दें कि अइयर गांव के निकट पानी टंकी निर्माणाधीन है। पाइपलाइन बिछायी जा रही है। इस काम में लीला साव का ट्रैक्टर और जेसीबी लगी है। लीला साव देर रात बाइक से घर लौटे। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति नक्सली वर्दी में मौजूद था और सड़क निर्माण में लगे मुंशी को बिठा रखा था। उन्हें देखते ही नक्सली ने अपने साथियों को आवाज देकर कहा कि लीला आ गया। लीला साव को समझ में आ गया कि नक्सलियों ने हमला कर दिया है। वे बाइक लेकर वहां से भाग गये। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। साथ ही घरवालों को फोन पर आगाह किया कि नक्सली वहां हैं। वे बाहर नहीं निकलें। घटनास्थल पर पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंची, तब तक नक्सली भाग चुके थे।

### आंखों देखी : आमजनों को घंटों लाइन में खड़ा कर डेढ़ सौ से पांच सौ रुपये लेकर पहले दर्शन करवाते हैं बिना लाइनवालों को

# भक्तों की आस्था पर आघात कर रहे हैं देउड़ी मंदिर के पंडा

- भक्तों को रोक कर गर्भगृह में मनचाहा समय तक पूजा करवा रहे हैं पैसे देनेवालों को
- भीड़ में बिलखते रहते हैं दुधमुंहे बच्चे, फिर भी लालच इतनी कि कानों में रुई डाले हुए हैं पंडा
- बुजुर्गों की आंखों से बस आंसू नहीं टपकते, जब उनके ही सामने से लाइन तुड़वाते हैं पंडा
- विरोध करने पर गुंडों की जुबान में कहते हैं- बड़े-बड़े आये और चले गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ स्थित देउड़ी मंदिर आस्था और विश्वास का एक ऐसा संगम है, जो झारखंड ही नहीं, विदेशों तक विख्यात है। लेकिन यहां पर मां देउड़ी की तथाकथित रूप से सेवा करनेवाले पंडा, भक्तों की श्रद्धा के साथ खुल कर खिलवाड़ कर रहे हैं। मां देउड़ी के इस मंदिर में किसी-किसी दिन भीड़ बहुत होती है। श्रद्धालु अपने परिवार के साथ मंदिर के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं। छोटे-छोटे दुधमुंहे बच्चे भी मां का आशीर्वाद प्राप्त करने अपने माता-पिता की गोद में जाते हैं। लेकिन भीड़ में अपने माता-पिता के कंधों से चिपके ये बच्चे घंटों रोते-बिलखते नजर आते हैं। इसका प्रमुख कारण है मां का दर्शन देर से प्राप्त होना। लेकिन इसमें देरी करवाते हैं, वहां पर मौजूद पंडे, जिन्हे लाइसेंस प्राप्त है कि किसे पैसा लेकर या दबंग व्यक्ति को पहले दर्शन करवाया जाये। उनका मुख्य उद्देश्य है चंद पैसों के लिए भीड़ में लगे श्रद्धालु से पहले लाइन तोड़ कर पैसे देनेवालों या दबंगई करनेवालों को तुरंत मां के दर्शन करवाना। यही नहीं, ज्यादा पैसे देनेवालों को वे मां के गर्भ गृह में प्रवेश करवा कर बाहर गेट पर खड़ा हो जाते हैं और दस से पंद्रह मिनट तक उनसे पूजा करवाते हैं, आरती करवाते हैं। आप 10 मिनट तक मंदिर के दरवाजे की ओर ताकते रहिये कि कब पैसे देनेवाले महानुभाव निकलेंगे और लाइन आगे खिसकेगी, लेकिन लाइन खिसकती ही नहीं है, क्योंकि पैसे लेकर पंडा फिर किसी को अंदर प्रवेश करवा देते हैं। लाइन लगा कर दर्शन करनेवालों की संख्या कम होने का नाम ही नहीं लेती। जो दर्शन मात्र एक घंटे में लाइन में खड़े होकर भक्त कर सकते हैं, उन्हें तीन से चार घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। नतीजा होता है रोते-बिलखते मासूमों को मां का दूध नहीं मिलने से गला सूख जाता है। गर्मी में बच्चे पसीने से लथपथ हो जाते हैं। लेकिन मासूमों के रोने की आवाजें उन लालची पंडों के कानों में जाती कहां है। उन्हें तो सिर्फ पैसा दिख रहा है। बुजुर्गों को जो कष्ट होता है, वह अलग। कभी लाइन में खड़े बुजुर्गों का चेहरा देखियेगा, तो मन मसोस जायेगा, वे बस रोते नहीं हैं। यह नौबत तब आती है, जब उन्हीं के सामने से कोई दबंग या पैसा देकर उनके सामने से यह कहते हुए निकल जाता है कि मां की कृपा हो गयी, उन्होंने तुरंत बुला लिया। यही नहीं, वे तब तक गर्भ गृह में पूजा करते हैं, जब तक वे पूरी तरह संतुष्ट नहीं हो जाते। बाहर निकलते समय वे कहते हैं- मजा आ गया, आज बहुत देर तक पूजा की। मां का आशीर्वाद लिया।

(शेष पेज 4 पर)



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



## एकता की कोशिशों को करारा झटका : अडाणी प्रकरण पर कांग्रेस के स्टैंड की निकल गयी हवा

# शरद पवार के स्टैंड से डगमगायी विपक्षी एकता की गाड़ी

आजाद सिपाही विशेष

देश में सबसे कम उम्र में मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अब तक कायम रखनेवाले 'मराठा स्ट्रांगमैन' शरद पवार ने 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता की कोशिशों को करारा झटका दिया है। तमाम विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार की ओर उम्मीदों से देखते आये हैं। इसके पीछे का कारण पवार द्वारा महाराष्ट्र में कुछ साल पहले एक-दूसरे से विपरीत विचारधारा वाले दलों को साथ में लाना है। लेकिन एक टीवी चैनल को दिये गये इंटरव्यू के बाद से कहा जाने लगा है कि पवार के स्टैंड ने विपक्षी एकता की गाड़ी को पटरी से उतार दिया है। पवार ने कहा है कि अडाणी मामले की संयुक्त संसदीय समिति की जांच की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति यथोचित जांच कर रही है। उन्होंने कहा है कि ऐसा लगता है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी समूह को निशाना बनाया गया। किसी ने बयान दिया और देश में हंगामा खड़ा कर दिया। बकौल पवार, पहले भी ऐसे बयान दिये गये, जिससे बवाल मचा। हालांकि इस बार मुद्दे को जो महत्व दिया गया, वह जरूरत से कहीं ज्यादा था। शरद पवार यहीं नहीं रूके। उन्होंने कहा कि इसके पहले विपक्ष टाटा और बिड़ला को घसीटता था। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज देश के मौजूदा विकास में अडाणी और अंबानी का बहुत योगदान है। इन्हें इस नजरिये से भी देखा जाना चाहिए। शरद पवार के इस बयान पर हालांकि कांग्रेस ने इतना भर कहा है कि यह उनकी निजी राय हो सकती है, लेकिन राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है कि 2024 के मुकाबले का यह बड़ा टर्निंग प्वाइंट हो सकता है। इससे कुछ दिन पहले ही पवार के भतीजे अजीत पवार ने पीएम मोदी की डिग्री के मामले पर विपक्ष के स्टैंड का विरोध कर संकेत दिया था कि राकांपा के विकल्प अब भी खुले हुए हैं। पहले जूनियर पवार और अब सीनियर पवार के स्टैंड ने बहुत कुछ साफ कर दिया है, लेकिन अभी अंतिम तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। शरद पवार के स्टैंड के राजनीतिक मायनों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष एकजुट होने की कोशिश में लगा हुआ है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल बजट सत्र के दौरान कारोबारी गौतम अडाणी को लेकर सामने आयी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर सत्ताधारी भाजपा पर हमलावर हैं। लंबे समय से बिखरा-बिखरा दिखाई दे रहा विपक्ष अडाणी प्रकरण और फिर राहुल गांधी की सांसदी जाने के मुद्दे पर एक साथ नजर आया। सभी ने एक-दूसरे के साथ एक सुर मिलाये, जिससे पूरे बजट सत्र के दौरान संसद लगातार स्थगित होती रही। विरोध प्रदर्शन होने के बाद भी सरकार ने विपक्ष की जेपीसी की मांग नहीं मानी, लेकिन इस बीच विपक्ष को अडाणी मामले में बड़ा झटका जरूर लग गया। दरअसल, राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों की जेसीपी की मांग से खुद को अलग कर लिया है। पवार का यह कदम विपक्षी एकजुटता के लिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अहम झटका माना जा रहा है।

### पूरा विपक्ष एक तरफ, पवार दूसरी तरफ

यह सच है कि तमाम विपक्षी दल राकांपा प्रमुख शरद पवार की ओर उम्मीदों से देखते आये हैं। इसके पीछे का कारण पवार द्वारा महाराष्ट्र में कुछ साल पहले एक-दूसरे से विपरीत विचारधारा वाले दलों को साथ में लाना है। राकांपा प्रमुख की वजह से ही महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा साथ आ पायी और महाविकास अघाड़ी बना कर सरकार बनायी। इसी वजह से लोकसभा चुनाव को लेकर भी विपक्षी दल उम्मीद कर रहे थे कि शरद पवार अपने अनुभव से जरूर विपक्ष को एकजुट रख सकेंगे और भाजपा के खिलाफ कोई बड़ा विकल्प जनता को दे सकेंगे, लेकिन ऐसा होने से पहले ही विपक्ष का पूरा खेल बिगड़ गया। एक टीवी चैनल को दिये इंटरव्यू में शरद पवार ने विस्तार से अडाणी मामले पर बात की। उन्होंने साफ किया कि मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से ही करवायी जानी चाहिए, ना कि जेपीसी से। उल्लेखनीय है कि पूरे बजट सत्र के दौरान विपक्ष जेपीसी पर ही अड़ा रहा था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कमेटी बनाये जाने के बाद भी विपक्ष जेपीसी की मांग करता रहा। पवार ने इंटरव्यू में कहा कि विपक्ष ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को जरूरत से ज्यादा अहमियत दी। इस कंपनी के बारे में ज्यादा किसी को भी मालूम नहीं है। यहां तक कि इसका नाम भी हमने नहीं सुना। पवार ने आशंका जतायी कि इस मामले में एक औद्योगिक समूह को बेवजह निशाना बनाया गया है। पवार द्वारा अडाणी समूह का समर्थन किये जाने से विपक्ष सकते में आ गया है।

### क्या कहा शरद पवार ने

मेरी पार्टी ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी का समर्थन किया है, लेकिन मुझे लगता है कि जेपीसी पर सत्तासीन पार्टी का कब्जा रहेगा, इसलिए इससे सच्चाई सामने नहीं आ पायेगी। इसमें सत्ता पक्ष के 15 सदस्य रहेंगे। विपक्ष के सिर्फ पांच। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल ज्यादा बेहतर तरीके से सच्चाई सामने ला सकता है। पवार ने आगे कहा, आज कल अंबानी-अडाणी का नाम सरकार की आलोचना के लिए इस्तेमाल होने लगा है, लेकिन हमें देश के लिए उनके योगदान के बारे में भी सोचना चाहिए। पहले देश में टाटा और बिड़ला कंपनी को बदनाम किया जाता था। जबकि देश के आर्थिक विकास में उनका अहम योगदान है। इसी तरह अभी के विकास में अंबानी-अडाणी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि हमारे लिए बेरोजगारी, महंगाई और किसानों का मुद्दा ज्यादा अहम है।

**अडाणी मुद्दे को क्यों छोड़ना नहीं चाहता विपक्ष**

जनवरी के आखिरी में अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से ही विपक्ष इस मामले में भाजपा और मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, टीएमसी की महुआ मोइत्रा समेत कई विपक्षी नेता हमलावर दिखे। यही नहीं, राहुल गांधी काफी पहले से अडाणी के जरिये केंद्र सरकार को घेरते आये हैं। इसी वजह से जब हिंडनबर्ग रिपोर्ट आयी, तो साफ हो गया कि मुद्दों की कमी और एकजुटता से जूझ रहा विपक्ष शायद ही इस मुद्दे को हाथ से जाने दे। राजनीतिक विशेषज्ञ भी मानने लगे कि लोकसभा चुनाव से पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट सामने आने की वजह से विपक्ष को बैठे-बिठाये सरकार पर निशाना साधने का बड़ा मुद्दा हाथ लग गया है। विपक्ष लंबे समय से किसी ऐसे मुद्दे की तलाश में था, जिसके जरिये वह गरीबों और मध्यवर्ग तक पहुंच सके। इसी वजह से राहुल गांधी, संजय सिंह समेत अन्य नेताओं ने भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन आदि का जिक्र किया और कहा कि इसका पैसा अडाणी की कंपनियों में निवेश किया जा रहा है। विपक्ष एकजुट होकर इस मुद्दे के जरिये घर-घर तक पैठ बनाने की कोशिश में लगा हुआ है, लेकिन अब पवार के अलग रुख की वजह से उसकी एकजुटता पर जरूर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### पवार की अलग राय पर कांग्रेस समेत विपक्षी दल क्या कह रहे

शरद पवार का इंटरव्यू सामने आने के बाद विपक्षी दलों में हलचल मच गयी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट करते हुए मीडिया पर भी हमला बोला। उन्होंने लिखा कि अडाणी के स्वामित्व वाले चैनल ने अडाणी के दोस्तों का इंटरव्यू लिया और बताया कि कैसे उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। भारतीय मीडिया ज़िंदाबाद, आप वास्तव में एक दुर्लभ प्रजाति हैं। टीएमसी नेता ने अपने ट्वीट के साथ शरद पवार के इंटरव्यू का स्क्रीनशॉट भी लगाया। वहीं कांग्रेस ने पवार के बयान को उनका निजी विचार बताया। कांग्रेस ने कहा कि उसकी सहयोगी राकांपा का अपना विचार हो सकता है, लेकिन 19 समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों का मानना है कि अडाणी समूह के खिलाफ आरोप वास्तविक और बहुत गंभीर हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सहित सभी 20 समान विचारधारा वाले विपक्षी दल एकजुट हैं और भाजपा के हमलों से संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ रहेंगे। कांग्रेस के बयान से साफ है कि पार्टी उम्मीद कर रही है कि भले ही पवार अडाणी मामले में विपक्षी दलों के साथ नहीं हों, लेकिन वह भाजपा के खिलाफ जरूर विपक्ष का साथ देते रहेंगे।

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार के इस नये स्टैंड के बाद विपक्षी खेमे में छायी मायूसी का असली असर एक सप्ताह बाद सामने आयेगा, लेकिन फिलहाल तो भाजपा के मिशन 2024 के रास्ते में आयी बड़ी बाधा दूर होती दिखायी दे रही है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे 'राखी' और 'सपना' बन कर उड़ा ले जाते थे पैसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर आप फेसबुक पर किसी अनजान से दोस्ती करते हैं तो सावधान हो जाइये। राखी और सपना आयेगी, आपके पैसा उड़ा ले जायेगी। झारखंड में साइबर ठग इन दिनों देशभर के लोगों को ऐसे ही शिकार बना रहे है। दो मामलों की जांच करते हुए साइबर पुलिस ने झारखंड में साइबर ठगी का पर्दाफाश किया है। इस मामले में सबसे बड़ी बात निकल कर सामने आ रही है कि इस वारदात को अंजाम देनेवाले आरोपियों में से दो आरोपी रिटायर्ड पुलिसकर्मी के बेटे हैं।

### ससुराल से ठग मोहन साव गिरफ्तार

प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची में शनिवार को साइबर सेल के डीजी अनुराग गुप्ता ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने देशभर में लोगों को फेक बैंक अकाउंट और वेबसाइट के माध्यम से ठगी करने वाले चार आरोपियों की गिरफ्तारी की कहानी बतायी है। चारों आरोपी झारखंड के हैं। आरोपी मोहन साव को गिरिडीह स्थित उनकी ससुराल से गिरफ्तार किया गया। वहीं, अन्य तीन आरोपियों को रांची से पकड़ा गया है। ताज्जुब की बात यह है कि उनमें से दो आरोपी रिटायर्ड पुलिस कर्मी के बेटे हैं। दोनों आरोपियों ने कहा कि पैसे की वजह से उन्होंने इस गलत रास्ते को चुना।



आरोपी बहुत ही प्लानिंग के साथ लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बना कर, फर्जी बैंक मैसेज भेज कर और पॉर्नोग्राफी वाले वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाना इनका काम था। पुलिस ने बताया कि फेसबुक पर इनके दो फर्जी अकाउंट थे। राखी फ्रेंडशिप और सपना फ्रेंडशिप के नाम से दो फेसबुक अकाउंट के माध्यम से लोगों को डेटिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाता था और फिर उनसे पैसे ठग लिये जाते थे। यह सिलसिला चलता गया और लोगों को ये अपराधी अपनी चंगुल में फंसाते गये।

### 11 मोबाइल, 25 सिम कार्ड, 19 एटीएम सहित 21 हजार 550 रुपये बरामद

इसके बाद दो अलग-अलग मामलों की जांच के दौरान साइबर सेल की पुलिस को कामयाबी हाथ लगी और तार से तार जोड़ते हुए पुलिस ने इन चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके बैंक अकाउंट में करीब 64 लाख रुपये थे, लेकिन बाद में तीन लाख रुपये ही बचे थे। हालांकि, उनके पास से 11 मोबाइल, 25 सिम कार्ड, 14 चेक बुक और पासबुक, 19 एटीएम सहित 21 हजार 550 रुपये बरामद किये गये हैं।

### पराना रेस्टोरेंट के किचन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**रांची।** रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के गौशाला चौक स्थित पराना रेस्टोरेंट के किचन में शनिवार को आग लग गयी। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेस्टोरेंट के स्टाफ और आसपास के लोगों ने मिल कर आग पर काबू पा लिया। आशंका जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पराना रेस्टोरेंट आरएस स्क्वायर बिल्डिंग के सबसे ऊपर फ्लोर पर स्थित है। वहां के किचन में अचानक आग लग गयी। आग को बुझा लिया गया है। आगलगी से कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में रेस्टोरेंट के संचालक की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# दुमका की विवाहिता को दिल्ली में कोठे पर बिठाया, छुड़ाने के लिए मांगे डेढ़ लाख

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका की एक विवाहिता को नयी दिल्ली के एक कोठे में अपने सहयोगियों के जरिये बेचवा देनेवाले जनसेवक साह ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस के समक्ष जो बयान दिया है, वह बेहद चौंकानेवाला है। जनसेवक पिछले कई दिनों से दुमका से बाहर और अलग-अलग इलाकों में चोरी-छिपे रह रहा था। उसने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली है। यह दूसरी शादी उसने गोमिया में कर रखी है। जनसेवक ने अपना नाम भी बदल लिया था। उसने अपने बदले हुए नाम जयप्रकाश साह के नाम से ही आधार कार्ड वगैरह बनवा लिया था।

**धनबाद रेलवे स्टेशन में मिली थी दुमका की विवाहिता**

जनसेवक के अनुसार दुमका की यह विवाहिता उसे धनबाद रेलवे स्टेशन में मिली थी, जिसे उसने बहला-फुसला कर और प्रलोभन देकर एक-दो दिन तक अपने पास रखा था और फिर अपने सहयोगी महतो के साथ बेचने की योजना बनायी। महतो को दिल्ली में रहनेवाले संतोष के बारे में बताया, जिसने उसे कोठे में बेच दिया।

### महिला के पति से भी रुपये ठगे

बाद में 15 जनवरी, 2023 को इसी दुमका की लापता महिला का पोस्टर उसने देखा और इनाम की बात देखी, तो जनसेवक लालच में आ गया। दिये गये नंबर पर फोन करके उसने महिला के बारे में जानने और पैसे मिलने पर जानकारी देने की बात कही। उस महिला के पति से रुपये खाते में डलवाने को कहा। पर महिला के पति ने पैसे हाथ में ही देने की बात कही। तब उसने उस शख्स को बताया कि उसकी पत्नी दिल्ली में है। वह डेढ़ लाख रुपये लेकर जाये। वहां जाकर उसने 60 हजार रुपये दिये, तो संतोष ने उसकी पत्नी को नहीं छोड़ा। ऐसे में जनसेवक ने उस महिला के पति को धनबाद बुला लिया और बाकी पैसा देने को कहा। वह शख्स 50 हजार रुपये लेकर पहुंचा और बतायी गयी जगह पर यह कह कर पैसा रखवा लिया कि उसकी पत्नी एक-दो दिन में मिल जायेगी। पत्नी नहीं मिली तो वह पुलिस में जाने की धमकी देने लगा।

### जामा स्टेशन से जनसेवक की हुई थी गिरफ्तारी

इधर, संतोष भी उस महिला के बारे में बताने से इनकार करने लगा। पुलिस के डर से तब जनसेवक इधर-उधर भटकता रहा। धनबाद, कोडरमा, गोमिया, बोकारो, रांची, गया और बनारस के स्टेशनों में रात गुजारी। पर जब वह दुमका कोर्ट में अपनी पहली पत्नी द्वारा किये गये केस में पैसेंजर ट्रेन से आ रहा था, तब पुलिस ने उसे जामा स्टेशन पर ही 2 अप्रैल को उतार लिया था।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में जा चुका है जेल

विवाहिता के अपहरण और उसे दिल्ली के कोठे में बेचने के मामले में जेल जा चुके जनसेवक का वास्ता गलत धंधे से रहा है। यही वजह है कि उसे दुमका अपने शहर तक को छोड़ना पड़ा है। जनसेवक 2002 में गोशाला के पास रहनेवाले आनंद गुटगुटिया के साथ लॉटरी का अवैध धंधा भी कर चुका है। उसने कबूला है कि नौकरी दिलाने के नाम पर उसने कई लोगों से ठगी की है। इसी बीच 2004 में पहली पत्नी के नाम से किस्त पर एक टेंपो खरीदा और उस टेंपो से अवैध रूप से केरोसिन बेचने का धंधा करने लगा। इसमें वह रंगेहाथ पकड़ा गया और जेल गया। 2009 में उसने दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी को जानकारी हुई तो 2010 में उसने केस कर दिया।

**नौकरी के नाम पर कई लोगों को ठगा**

गोमिया में रहने के क्रम में ही जयकांत साह, पिता गोपाल साह, पता- दुधानी दुमका से संपर्क हुआ और जयकांत साह, मनोज सिंह- बाघमारा धनबाद, मनोज सिंह बिष्णुगढ़ हजारीबाग, गुड्डू सिंह बेरमो बोकारो ,मोहन हांसदा- बिष्णुगढ़ हजारीबाग के साथ मिल कर लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर पैसा ठगने का धंधा शुरू किया। 2015 में हजारीबाग के ही अपने दूर के रिश्तेदार संतोष कुमार से नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी की। 2017 में दुमका के संजय गुप्ता सेनौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये ठगा, जिसमें दुमका नगर थाना में केस दर्ज हुआ। करीब तीन माह जेल में रहा। निकला तो काठीकुंड के रमेश प्रसाद साह से संपर्क होने पर दो-तीन आदमी से नौकरी दिलाने के नाम पर करीब ढाई-तीन लाख रुपये की ठगी की। इस मामले में कोर्ट में दो मामले दर्ज हुए। कई लोगों के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ठगी करने के कारण दुमका कोर्ट में दो पीसीआर हुए, तब भी उसका काम जारी रहा। 2018 या 2019 में पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा के राजेश कुमार से 75,000 रुपये ठगी करने और हजारीबाग में हजारी प्रसाद जायसवाल से करीब ढाई लाख रुपये ठगी करने के बाद दिये गये दो चेक बाउंस होने पर पीसीआर केस दर्ज हैं।

## एक्सप्रेस-वे झारखंड की सीमा में 203 किलोमीटर बनेगा

# ढाई साल में तैयार हो जायेगा वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस-वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाराणसी से कोलकाता तक बननेवाला सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे झारखंड की सीमा में 203 किलोमीटर बनेगा। इसके लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके निर्माण में तकरीबन ढाई साल का समय लगेगा। वाराणसी-कोलकाता वाया रांची सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे का झारखंड की सीमा में निर्माण के लिए एजेंसियों का चयन कर लिया गया है। करीब 610 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे झारखंड की सीमा में 203 किलोमीटर का होगा। इस हिस्से को छह खंडों में विभाजित करके बनाया जायेगा।

**एक्सप्रेस-वे के बनने से उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच हाई स्पीड की नयी कनेक्टिविटी मिलेगी**



औपचारिकताओं को पूरा करते हुए जल्द काम शुरू कराने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण की गति को तेज रखने के लिए रामगढ़ में डेडिकेटेड कार्यालय भी स्थापित किया गया है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच हाई स्पीड की नयी कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्रा का समय भी काफी कम हो जायेगा। झारखंड में इस एक्सप्रेस-वे के 203 किलोमीटर हिस्से को बनाने में करीब आठ हजार करोड़ रुपये की लागत आंकी गयी है। यूटिलिटी (बिजली के तार, पानी की लाइन आदि) शिफ्टिंग और अधिग्रहण एवं मुआवजा को शामिल कर कुल लागत करीब 10 हजार करोड़ आयेगी। कोलकाता-वाराणसी एक्सप्रेस-वे उत्तरप्रदेश के चंदौली से होते हुए बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच बनाया जा रहा है। झारखंड में धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, हजारीबाग, चतरा से होकर गुजरेगा। एनएचएआइ के अधिकारियों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। इसे तेजी से करने पर जोर दिया गया है। एनएचएआइ के क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने बताया कि इस एक्सप्रेस-वे को झारखंड की सीमा में दो से ढाई वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। झारखंड में छह हिस्सों में निर्माण के लिए एजेंसियों का चयन कर लिया गया है। औपचारिकताएं पूरी कर जल्द निर्माण शुरू कराने पर जोर है।




| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 35.0 °c | 21.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.36 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## आक्रोश में आदिवासी समाज : सरहुल झंडा जलाने के विरोध में सड़क पर

# आदिवासी संगठनों का रांची बंद असरदार रहा





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरहुल झंडा को जलाने और अपमान को लेकर शनिवार को आदिवासी समाज के लोगों द्वारा राजधानी में बंद किया गया। इसे लेकर आदिवासी समाज के कई संगठनों के लोग सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

### बंद को शांतिपूर्वक और सफल बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद

शनिवार को पहान महासंघ, केंद्रीय सरना समिति और विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के द्वारा सरना झंडा जलाने के विरोध में आहूत रांची बंद सफल रहा। केंद्रीय सरना समिति और पहान महासंघ के लोगों ने करमटोली चौक को जाम किया था। वहीं कांके सरना समिति के लोग कांके के नगड़ी बोडेया में बंद करा रहे थे। वहीं कोकर चौक में भी घंटों आदिवासी लोग सड़क पर उतरकर बंद कराते रहे। वहीं इधर केंद्रीय सरना समिति और जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के लोगों को पुराना जेल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार होने वालों में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सचिव विनय उरांव, निरंजना हेरेंज, जगदीश पहान, हलधर, चंदन पहान, भुनेश्वर लोहरा और अन्य शामिल थे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने रांची बंद को शांतिपूर्वक और सफल बनाने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया है।

### बंद पूरी तरह सफल : विजय शंकर नायक

झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने शनिवार को कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को सम्पूर्ण रांची 100 प्रतिशत बंद रहा। बिरसा चौक, हिंदुस्तान चौक, डीपीएस चौक, सेक्टर 2, सोलंकी, भूसूर, हटिया बंद रहा। उन्होंने यह भी कहा कि बंद समर्थकों ने झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक, रंजीत उरांव, जगन्नाथपुर के पाहन आनंद तांबा, सतरंजी के पाहन सनी विकास कच्छप और कर्मा लिंडा के नेतृत्व में सुबह 7 बजे से ही जुलूस निकालकर सभी दुकानदारों से शांतिपूर्ण तरीके से बंद कराने का अनुरोध किया। जिसके बाद सैकड़ों लोगों ने इन सबों के नेतृत्व में जगन्नाथपुर थाना में गिरफ्तारी देने का काम किया। गिरफ्तारी देने वालों में विजय शंकर नायक, रंजीत उराव, जगन्नाथपुर के पाहन आनंद तांबा, सतरंजी के पाहन सनी विकास कच्छप उर्फ विक्की, कर्मा लिंडा, राजेश बाड़ा, संजीत तिर्की, अजय उरांव, दीपक इंदवार, सुशील उरांव, गौतम उरांव, विनय तिर्की, रेनू कच्छप, मंजू हेंब्रम, रेनू मुंडा, कमला मुंडा, पैरो टोप्पो, कल्पना भगत, एतवा टोप्पो, कार्तिक मुंडा, निर्मल खाखा, चरवा उरांव, अरविंद उरांव और सैकड़ों लोग शामिल रहे।



### आरोपियों को बचाने का काम कर रही पुलिस

आदिवासी समाज के लोगों का कहना था कि 24 मार्च को महापर्व सरहुल मनाने के दौरान शहर कई जगहों पर असामाजिक तत्वों ने धार्मिक सरना झंडा का अपमान करते हुए उसे जला दिया था। समाज के लोगों का कहना था कि सरना झंडा को अपमान करने वाले लोगों का नाम भी पुलिस को बताया गया है, इसके बावजूद पुलिस उनपर कार्रवाई करने के बदले उन्हें बचाने का काम कर रही है।

### इन जगहों पर रहा बंद का असर

पिस्का मोड़, रातू रोड की ज्यादातर दुकानें बंद दिखीं। वहीं करमटोली चौक को लोगों ने जाम कर दिया। हरमू बाइपास रोड के सेटेलाइट चौक के पास भी लोगों द्वारा सड़क जाम किया गया। बिरसा चौक को भी पूरी तरह से जाम कर दिया गया। बिरसा चौक पर लोगों ने टायर जलाकर विरोध किया। कई घंटों तक आदिवासी समाज के लोगों ने बिरसा मुंडा चौक पर सड़क जाम किया। हालांकि जिला प्रशासन ने लोगों को समझाते और आरोपियों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाते हुए विरोध कर रहे लोगों को वहां से हटाया।

# प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद किये जायेंगे जगरनाथ महतो: झामुमो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के आदेशानुसार झामुमो रांची जिला समिति की बैठक जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में रातू रोड स्थित होटल कृष्णा इन में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला से इस सत्र में 5 लाख सदस्य बनाये जायेंगे। सभी वर्ग, संगठन और महानगर के गठन के लिए अनुशंसा केंद्रीय समिति को भेजी जायेगी। बैठक में पार्टी के कद्दावर दिवंगत नेता झारखंड आंदोलनकारी, डुमरी के विधायक सह झारखंड सरकार में मुखर शिक्षा मंत्री झारखंडियों के प्रेरणास्त्रोत, झारखंड के टाईगर जगरनाथ महतो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान स्व जगरनाथ महतो की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सभी ने कहा कि टाईगर हमेशा जिंदा था, जिंदा है और जिंदा रहेगा।

**रांची जिला से इस सत्र में 5 लाख सदस्य बनाये जायेंगे**

कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि जगरनाथ महतो युगों-युगों तक तमाम झारखंडियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। बैठक में झामुमो की केंद्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसूरी, पवन जेडिया, अंतु तिर्की, पूर्व केंद्रीय सदस्य नवीन चंचल, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, संगठन सचिव लालज कुमार नाथ शाहदेव, संयुक्त सचिव विक्की यादव, विजय आनंद नायक, सुजीत उपाध्याय, पूर्व महानगर सचिव अरुण वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष आफताब आलम, विक्रम सिंह, मृत्युंजय सिंह, अरविंद सिंह देवल उर्फ बटर सिंह, सौम्वित माजी, सुजीत कुजूर, शिवनंदन मिश्रा, आशुतोष वर्मा, परवेज आलम गुड्डू, कैथरीना तिर्की, मुन्ना यादव, जावेद अख्तर अंसारी, भुनेश्वर साहू, विनोद तिर्की, बेलाल अंसारी, बलराम महतो (राधिका), अनिल पासवान, नरेश यादव, हलधर महतो, मो असलम, कयूम अंसारी, राजेश सिंह, सहाबुद्दीन, सोनू मुंडा, कुदरत अंसारी, अख्तर मंसूरी, राखी देवी, सुकरमणि देवी, वसीम, पप्पू, राजेश सिंह, सजाद अंसारी, वसीम राबिया खान, रवि कुमार, राकेश वर्मा, आसिफ, सबिबुल रहमान, कलाम अंसारी, गोपाल पांडे, अवधेश यादव, संदीप मंडल, सुभाष चंद्र प्रसाद, रंजीत रजक, नागेंद्र सिंह, अजय मिंज, अनमोल एक्का, रंथू उरांव, विनोद मुंडा आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय आदिवासी मंच ने किया जांच समिति का गठन

**रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय आदिवासी मंच ने रांची के करम टोली में हुए सरना झंडा प्रकरण को गंभीरता से लिया है। मंच ने इस मामले में 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। मंच के अध्यक्ष बलवंत तिर्की ने कहा है कि यह समिति 7 दिनों के अंदर निष्पक्ष रूप से जांच कर अपनी रिपोर्ट मंच को देगी तथा मंच की ओर से इसी को आधार मानकर प्रशासन और अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी जायेगी। इसी आधार पर रांची में प्रेस वार्ता और बड़े स्तर पर समाजिक बैठक का आयोजन मंच द्वारा किया जायेगा। ताकि आरोपियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाये। समिती में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष सन्नी टोप्पो, प्रदेश सदस्य हिंदुवा उरांव, साजन मुंडा शामिल हैं।**

# सचिवालय घेराव को सफल बनाने को लेकर भाजपा नेताओं का सघन दौरा

**सांसद दीपक प्रकाश का रांची और सिंहभूम, आदित्य साहू का संताल दौरा, बाबूलाल मरांडी आज पलामू में**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा 11 अप्रैल को प्रदेश भर के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रोजेक्ट भवन सचिवालय का घेराव करेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संसद के चालू सत्र के बीच नयी दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर राज्य से जुड़े पार्टी के सभी सांसदों की बैठक भी हुई, जिसमें प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल हुए।

दिल्ली से लौटते ही सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में तैयारियों में जुट गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सिंहभूम और रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जिलों में मंडल स्तर तक की बैठक को संबोधित करते हुए आगामी 11 अप्रैल को रांची प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। प्रकाश ने कहा कि भाजपा राज्य के जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। जनता हेमंत सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। भाजपा हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों, सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, खनिज संसाधनों की मची लूट, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय, बेरोजगारी के सवाल पर लगातार सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू के दौरे पर जायेंगे। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू संथाल परगना के विभिन्न जिलों में तैयारी को लेकर सघन दौरा कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के गुमला, सिमडेगा आदि जिलों के दौरे पर हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद सहित विभिन्न जिलों के जिला प्रभारी, अध्यक्ष एवं सभी स्तर के पार्टी पदाधिकारी दौरा कर कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 94311143512

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | जॉब में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों के सहयोग मिलेगा। |
| वृष | बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा। |
| मिथुन | धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग, आत्मविश्वास की वृद्धि। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल। |
| सिंह | संकल्पित कार्य पूरा होगा। घर-गृहस्थी का सुख, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। |
| कन्या | धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। |
| तुला | परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | सरकारी नौकरी करनेवालों के स्थानातंरण-पदोन्नति डोने की संभावना। |
| धनु | विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास। |
| मकर | संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे। |
| मीन | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, शादी-शुदा जिन्दगी में परेशानी से छुटकारा। |

# 11 अप्रैल को गठबंधन सरकार की नींव हिला देंगे: बालमुकुंद सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यलय में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय मौजूद रहे। सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच में काफी उत्साह देखने को मिला। सिमडेगा जिला से हजारों की संख्या में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता के साथ-साथ ग्रामीण शामिल होंगे। कार्यक्रर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अभी राज्य में महाठगबंधन की सरकार चल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचारयुक्त है, राज्य के नवजवानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग को ठगने वाली सरकार है। राज्य में आज कानून व्यवस्था चरमरायी हुई है, अपराध अपने चरम पर है। राज्य सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर धोखा देने का काम कर रही है। श्री सहाय ने कार्यकर्ताओं से सचिवालय घेराव कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि 11 अप्रैल को भ्रष्ट राज्य सरकार की नींव हिला देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री विमला प्रधान, ओम प्रकाश, सूरज शाहदेव, दुर्गविजय सिंह, सावित्री देवी, दीपक पूरी, चिंतामणि कुमार, मुकेश, सुशील श्रीवास्तव, अनूप प्रसाद, राकेश रविकांत प्रधान, दीपेंद्र श्रीवास्तव, नवीन, तुलसी साहू, संजय ठाकुर, रुक्मणी देवी, संजय शर्मा, श्रद्धानंद बेसरा, मोती लाल सिंह, सतीश पांडेय, लाल साहू, नरेंद्र बड़ाइक, सुदर्शन सिंह, रामविलास बड़ाइक, देवकीनंदन साय, कृष्णकांत सिंह, प्रणव कुमार, सुजान, कृष्णा ठाकुर मौजूद थे।



## कार्यालय में पीसीसी कमेटी की हुई बैठक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। परियोजना कार्यालय उरीमारी में शनिवार को परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में पीसीसी कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सभी यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुये। बैठक में परियोजना पदाधिकारी ने टारगेट पूरा होने पर सभी यूनियन प्रतिनिधियों को बधाई दिया एवं आने वाला उत्पादन लक्ष्य के बारे में भी बताया। कुछ समस्याओं पर भी चर्चा हुयी, जिसमे परियोजना कार्यालय में प्रतिदिन 12 से 1 बजे के बीच सिविल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। डॉ नदीम अनवर के द्वारा बताया गया कि उरीमारी डिस्पेंसरी से ऑनलाइन रांची गांधीनगर के डॉक्टर से परामर्श ले सकते है। पोटंगा कैंटीन के लिए जल्द ही एक कमेटी बनाया जाएगा जिसमें नो प्रॉफिट नो लॉस पे खाने की वास्तु की बिक्री होगी। इत्यादि अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मीटिंग में प्रबंधन की ओर से खान प्रबंधक यू एन प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक अजय कुमार, डॉक्टर नदीम अनवर, परियोजना अभियंता गौतम कुमार, सुनील कुमार सिंह, वित्त प्रबंधक आभास कुमार, सिविल से कविन कुमार आदि शामिल थे। यूनियन प्रतिनिधियों में आरसीएमयू से सीताराम किस्कू, गणेश राम, बाल्मीकि यादव, यूसीडब्ल्यू से महादेव मांझी, डी पी मेहता, विनोद कुमार सिंह, इंद्र देवराम अनिल कुमार, सुधीर सिंह, रवि शंकर सिंह, श्रवण कुमार, बैजनाथ सिंह शिवचरण करमाली, नागेश्वर मिस्त्री, बिनोद साव, राजेश सिंह, महेंद्र सिंह प्रेमचंद उरांव आदि उपस्थित थे।

## यूनिवर्सिटी की टीम ने जेएम कॉलेज का किया निरीक्षण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज भुरकुंडा में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची की टीम ने अध्ययन केन्द्र खोलने हेतु कॉलेज की विधि-व्यवस्था का शनिवार को भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में आये यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने सभी संसाधनों का बारीकी से अध्यन किया। साथ ही मौजूद संसाधनों के प्रति संतुष्टि जताई। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा की कॉलेज में अध्ययन केन्द्र की शुरूआत करने के लिए व्यवस्थित संसाधनों का निरीक्षण किया गया है। अध्ययन केन्द्र के लिए मौजूद व्यवस्था बेहतर है। अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में यहां अध्ययन केन्द्र खोलने को ले सभी प्रक्रियाएं पुरी कर ली जायेगी। इससे पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी ने निरीक्षण में पहुंचे यूनिवर्सिटी के समन्वयक प्रो. प्रेम सागर केसरी और विकास कुमार मौर्या को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ. गिरधर पाठक, डॉ. नरेन्द्र कुमार पाठक, डॉ. शीला सिंह, प्रो. सावित्री विश्वकर्मा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राम प्रमोद सिंह, डॉ. नन्द किशोर सिंह, डॉ. विरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. कमल कृष्ण सेठ, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, प्रो. नागेंद्र प्रसाद दुबे, डॉ. अरुणजय सिंह, दीपक कुमार झा, संजय कुमार सिंह, रामजीवन, राजेन्द्र प्रसाद, चिंतामणि देवी सहित कॉलेज परिवार मौजूद थे।

## मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दी श्रद्धांजलि



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला माली मालाकार कल्याण समिति ने दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया है। इस दौरान समिति के लोगो ने स्व. जागरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर समिति के लोगों ने कहा की जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन माली समाज के लोगों काफी मर्माहत है। कहा गया की वे अब हमसबों के बीच नहीं हैं। लेकिन उनकी यादें उनके द्वारा किए गए कार्यो को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेंगे। शोक व्यक्त करने वालो में समिति के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रामगढ़ पिंटू मालाकार, जिला सचिव उदय मालाकार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष परवेश मालाकार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू मालाकार, आलोक मालाकार, सागर मालाकार, राहुल मालाकार, अनिकेत मालाकार, प्रकाश मालाकार, दिलीप मालाकार, रामकुमार मालाकार, महेश मालाकार, भगवान मालाकार, हीरा मालाकार, सुनील मालाकार, रामकृपाल मालाकार, सुरेंद्र मालाकार, धनंजय कुमार, मालाकार, अमित मालाकार आदि शामिल थे।

## समाजहित में कार्य करनेवाली महिलाओं को भाजपा ने किया सम्मानित



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर भाजपाईयों द्वारा सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। इसी के तहत भाजपा भुरकुंडा मंडल में एसटी मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय चोरधरा में समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करने को ले सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसटी मोर्चा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो व संचालन वरिष्ठ भाजपाई जगतार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, भुरकुंडा मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत समाजहित में कार्य करने वाली जनसंघ काल की समाजसेवी सिनगी देवी, जलसहिया नीतू देवी, व संगीता देवी, सुनीता देवी, मेधावी छात्रा, मोनिका कुमारी, आरती कुमारी, शांति देवी आदि को भाजपाईयों एवं चोरधरा पंचायत की पूर्व मुखिया बंदी देवी ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## सरहुल पूजा समिति की हुई बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिवर साईड स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता एवं एंचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने रांची जिला में सरना झंडा जलाये जाने का कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर दर्शन गंझू, श्याम सुंदर करमाली, श्रीनाथ करमाली, महादेव बेदिया, राजन करमाली, हरिलाल बेदिया, उमेश मुंडा, संतोष मांझी, संजय लिंडा, विक्रम करमाली, देवशरण मुंडा, तारनी बेदिया, राजा बाबू मुंडा, बालेश्वर बेदिया, महेंद्र मुंडा, राजू मुंडा, रोहित बेदिया, उमेश करमाली, लालदेव मुंडा, विक्की करमाली, राजेंद्र मुंडा, मनोज सिंह मुंडा, देवलाल मुंडा, छोटा राजन, दीपक मुंडा, अरविंद करमाली, विक्की बेदिया आदि मौजूद थें।

## पहले भी नक्सली दे चुके हैं घटना को अंजाम

गोला (आजाद सिपाही)। गोला थाना के परसाडीह में नक्सलियों ने करीब चार साल बाद बडी घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले नक्सलियों ने वर्ष 2018 में आजसू नेता एवं तत्कालीन प्रमुख जलेश्वर महतो को उनके घर कोइया से अपहरण कर लिया था। इससे एक वर्ष पूर्व 22 जनवरी 2017 को नक्सलियों ने आजसू नेता स ह ठेकेदार घघरा कोराम्बे गांव निवासी ठाकुरदास महतो उर्फ जलिया की हत्या रकुवा बाजार टांड़ के समीप गला रेत कर हत्या कर दी थी। दोनों घटनाओं का पुलिस ने उद्भेदन भी किया था, जिसमे जलेश्वर महतो का अपहरण बाजी राम दस्ता ने किया था। बंगाल के जंगल से प्रमुख को छुड़ाया गया। बाद में बाजी राम इनकोउन्ट में पुलिस के हाथों मारा गया। वहीं ठाकुरदास महतो हत्या कांड के पीछे भी लेवी का बड़ा खेल बताया गया था। इसकी हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा था। जिसमे हत्या की जिम्मा भाकपा माओवादी ने लिया था। गोला रजरप्पा थाना सिमा से सटे सिरु गांव में निर्माण कार्य का वर्कशॉप में भी नक्सलियों ने धावा बोल कर 12 हाइवा, जीसीबी, पोप्लेंन को आग के हवाले कर दिया था। यह सभी मशीन क्लासिक इंजिकोम का था। बताया गया कि क्षेत्र सीमा क्षेत्रो में कोयला, लोहा, बालू एवं पत्थरो का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इसमें पुलिस की मिलीभगत से इनकार नही किया जा सकता। प्रति दिन साइकिल एवं मोटरसाइकिल से अवैध कोयला बंगाल भेजा जा रहा है। सीमा क्षेत्रो में यह कोयला जमा किया जाता है। बालू का कारोबार भी दामोदर नदी एवह स्वर्णरेखा नदी से किया जा रहा है। वही अवैध लोहा का कारोबार भी सड़क किनारे होता है। पत्थरो का अवैध उत्खनन भी जंगलों से हो रहा है। इसके बाद से हो नक्सली क्षेत्र में दस्तक दे दिये है।

### हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ कार्यक्रम को लेकर प्रेस कांफ्रेंस

# झारखंड को बचाना है : जयंत सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। भाजपा प्रदेश के द्वारा आहूत आगामी 11 अप्रैल रांची में झारखंड सचिवालय का घेराव कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सांसद जयंत सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने बताया कि पूरे झारखण्ड से जनता व भाजपा कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। उनके नेतृत्व में हजारीबाग व रामगढ़ से भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश से इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। दोनों जिलों से बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में शामिल होने रांची जायेंगे।

**महागठंधन की सरकार से राज्य की जनता त्रस्त :** उन्होंने कहा कि हर झारखंडी जेएमएम-कांग्रेस की सरकार से त्रस्त है। अगर हमें झारखण्ड को बचाना है तो इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। मुझे रामगढ़ से इस प्रदर्शन की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, क्योंकि रामगढ़ ने ही विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत दिलवाकर देश में यह संदेश भेजा है कि अब झारखण्ड कि भ्रष्ट सरकार को हटाने का समय आ गया है। आज सबकी जुबान पर एक ही बात है हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ।

**झारखंड को लूट, अत्याचार, तुष्टिकरण, बेरोजगारी व तानाशाही से बचाना है :** उन्होंने कहा कि हमें झारखंड को लूट, अत्याचार, तुष्टिकरण, बेरोजगारी व तानाशाही से बचाना है। इसलिए हमें इस सरकार को हटाना है और यह भाजपा का दृढ़ इरादा है। 11 अप्रैल को झारखण्ड के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब लाखों कार्यकर्ता रांची में जनता की आवाज को मुखरता से उठाएंगे और झारखण्ड समेत पूरे देश को यह संदेश देंगे कि अब राज्य में बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि 2024 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी, जो झारखण्ड के विकास को दोगुनी रफ़्तार देगी।

# प्रेमिका के प्यार में युवक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पति पत्नी और वो फिल्म का पूरा स्क्रिप्ट असल जिंदगी में भी हो सकता है, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। लेकिन रामगढ़ में जब एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की तो उसकी जिंदगी की कहानी भी कुछ उसी फिल्म की तरह नजर आयी। बताते चले कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के बिंझार में किराए के मकान में रह रहे ब्रजेश कुमार नामक युवक का शव शनिवार को कमरे से बरामद हुयी। उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले की सूचना पाकर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस तो उन्हें एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें एक कंचन नाम की युवती का जिक्र था। सुसाइड नोट से तो ऐसा लग रहा था कि कंचन उसकी पत्नी है और वह बेटी के साथ किसी प्रेमी के साथ फरार हो गयी है। अपनी पत्नी और बेटी की जुदाई को ब्रजेश बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने अपनी जान दे दी।

**जांच में हुआ खुलासा पहले पति के पास लौट गई थी कंचन**

पूरे मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर जितेंद्र टुडू ने बताया कि ब्रजेश पटना का रहने वाला था। वह पेशे से मजदूर था। उसने जिस लड़की से प्यार किया था वह पहले से शादीशुदा थी। कंचन अपने पति जय सियाराम उर्फ कुनकुन सिंह को छोड़कर ब्रजेश के साथ रहने के लिए रामगढ़ चली आयी थी। बाद में इन दोनों के बीच भी संबंध अच्छे नहीं रहे और इसी वजह से कंचन अपनी बेटी के साथ अपने पहले पति के पास लौट गयी थी। जय सियाराम भी अपनी पत्नी के साथ पटना में ही रह रहा था। कंचन ब्रजेश को छोड़ कर फिर वापस पटना ही अपने पति के पास चली गयी थी।

**ब्रजेश ने अपने मौत की वजह में कई लोगों को किया शामिल**

सब इंस्पेक्टर जितेंद्र टुडू ने बताया कि ब्रजेश ने जो सुसाइड नोट छोड़ा है उसमें बदला लेने की बात भी कही गयी है। उसने यह भी कहा है कि कंचन के लिए उसने अपने पूरे परिवार और समाज से लड़ाई लड़ी थी। ब्रजेश ने यह भी लिखा था कि उसके साथ हुए अन्याय का बदला कानून लेगा। उसने अपने मौत के वजह में कई लोगों को शामिल किया है। उसमें कुनकुन सिंह, भोलू सिंह, कंचन देवी, सामदेव सिंह, राकेश सिंह व दो अन्य लोग शामिल हैं। इधर, पुलिस सारे बिंदु पर जांच कर रही है।

# न्यास परिषद की बैठक में शामिल हुए सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सांसद जयंत सिन्हा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। जबकि विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने न्यास परिषद से अनुमोदन के लिए विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। **बैठक में लिए गए कई निर्णय :** बैठक में सांसद, विधायक एवं डीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों, कक्षा दसवीं तथा कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत मेधावी छात्र छात्राओं के लिए डीएमएफटी मद से विशेष कोचिंग कराने, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रामगढ़ जिले के सभी थानों के हाईवे पेट्रोलिंग, गश्ती वाहन के लिए स्ट्रेचर बेड उपलब्ध कराने, जिले के सभी थानों के लिए स्पीड गन कैमरा उपलब्ध कराने, सभी यातायात पोस्टों के लिए एलइडी बैटन लाइट, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, ईकोटूरिज्म के विकास के माध्यम से पलाश के फूलों से अमीर बनाने के लिए संयंत्रों के निर्माण, साल, पलाश के पत्तों से पत्तल, दोना का निर्माण के लिए संयंत्रों के प्रावधान, रियल टाइम पॉल्यूशन मॉनिटरिंग संयंत्रों के अधिष्ठापन, विभिन्न क्षेत्रों से होने वाले धूल प्रदूषण को कम करने के लिए वेकिल माउंटेड स्प्रिंकलर कम फॉगर उपलब्ध कराने, खनन गतिविधियों के कारण बिखरे हुए हाथियों के झुंड की आवाजाही पर नजर रखने के लिए थर्मल ड्रोन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हाथी प्रभावित गांव में अनाज, महुआ के भंडारण को लेकर रबर का ढक्कन लगे हुए ड्राम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रिक क्रिमेटोरियम गांधी घाट रामगढ़ में जनरेटर सेट के अधिष्ठापन, जिला अंतर्गत उच्च विद्यालयों में इस्टैब्लिशमेंट ऑफ वर्चुअल रियलिटी लैब, गोला मार्केट के आगे के भाग में पीसीसी पथ का कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यकता अनुसार नए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण आदि पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

**योजनाओं को चुनने एवं उन्हें अनुशंसा के लिए भेजने की अपील**

बैठक के दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों से डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चुनने एवं उन्हें अनुशंसा के लिए भेजने की अपील की। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का मना स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



पतरातू। पीटीपीएस अंबेडकर मैदान में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का स्थापना दिवस के मौके पर 25 गांव के विस्थापित एकता का परिचय देते हुए शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ,गोमिया विधायक लंबोदर महतो , आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी मौजूद थे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद ने कहा कि विस्थापित के सवाल पर दो पीढ़ियां आंदोलन करते करते थक गया है अब विस्थापितों का समस्या का समाधान होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद और संचालन किशोर कुमार महतो ने किया। इस मौके पर पतरातू प्रमुख कौशल्या देवी, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया विजय मुंडा, गिरजेश कुमार, हीरा देवी , हेमा देवी, पानो देवी, नगर उपाध्यक्ष मनोज महतो, नारायण चंद्र भौमिक, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, विजय साहू, सुखदेव प्रसाद, सीताराम मुंडा, भुनेश्वर महतो, अब्दुल कयूम अंसारी, राजाराम प्रसाद, प्रदीप महतो, कोलेश्वर महतो, अलीम अंसारी, कुमेल उराव, सहित सैकड़ों की संख्या में विस्थापित परिवार के सदस्य व महिला पुरुष शामिल थे।

**विस्थापितों को मिले विस्थापित होने का प्रमाण पत्र चंद्र प्रकाश चौधरी :** स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड में स्थानीय नीति जल्द बननी चाहिए ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि विस्थापित होने का एक प्रमाण पत्र भी विस्थापितों को बनना चाहिए।

**विस्थापितों की समस्या का समाधान जल्द हो: जयंत सिंहा** स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि विस्थापितों की समस्या समाधान के लिए जल्द समन्वय समिति की बैठक होगी और विस्थापित परिवार के लोगों की समस्या 2 सप्ताह के अंदर निदान किया जायेगा। उन्होंने अश्वासन देते हुए कहा कि पीवीयुएनएल में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता मिलना चाहिए इसके लिए पहल की जायेगी।

**झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन हो: अंबा प्रसाद** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस के मौके पर 25 गांव से आए हुए विस्थापित परिवार को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव पतरातू केरेडारी के विस्थापितों का दर्द को समझता हूं उनके हक और अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष कर रही हूं उन्होंने कहा कि 2013 कानून हर हाल में लागू होना चाहिए। राज्य में जल्द विस्थापन आयोग का गठन हो यहां के विस्थापितों की समस्या जल्द सरकार द्वारा पहल की जानी चाहिए।

**1932 खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनें : लंबोदर महतो** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस के मौके पर संबोधित करते हुए गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य के विस्थापितों की समस्या का जल्द निदान होना ही चाहिए और विस्थापन आयोग का जल्द गठन सरकार करें राज्य में स्थानीय नियोजन नीति जल्द बननी चाहिए उन्होंने 1932 खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाने की मांग की।

## हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

बरकाकाना (आजाद सिपाही संवाददाता)। हेहल स्थित मां छिन्नमस्तिका स्टील एंड सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट के प्रांगण में हनुमान मंदिर का 11 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई।स्थापना दिवस पर 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया।पुरोहित अरुण पांडे ने यजमान दुर्गा चरण पासवान, दिनेश चौधरी, प्रवीण कुमार, संदीप साहू को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करा कर क्षेत्र के सुख शांति की कामना की गयी। मौके पर फैक्ट्री प्रबंधक अजय कुमार, प्रदीप सिंह, सत्येंद्र सिंह, महेश मुंडा, महेंद्र सिंह बालकेश्वर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पांच दिवसीय हनुमंत महायज्ञ को लेकर बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। पांच दिवसीय श्री श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर पैंकी हनुमान मंदिर के निकट ग्रामीणों की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद चिंतामन महतो व संचालन दामोदर महतो ने की। बैठक के दौरान महायज्ञ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने और अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 14 मई को भूमि पूजन व 28 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ होगा। आयोजित महायज्ञ कार्यक्रम यज्ञाचार्य नितेश तिवारी के सानिध्य में कराया जायेगा। तत्पश्चात महायज्ञ को सफलतापूर्वक संचालन हेतु यज्ञ समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक के रूप में वार्ड पार्षद चिंतामन महतो उर्फ चितू, संरक्षक तेजपाल महतो, जयपाल महतो, महेंद्र महतो, अध्यक्ष दामोदर महतो, उपाध्यक्ष देवलाल महतो, हीरानंद करमाली, सचिव बालेश्वर महतो, सह सचिव संजय महतो, अरविंद महतो, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल महतो, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र महतो का मनोनीत किया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में धर्मनाथ महतो, प्रदीप महतो, मनोज महतो, दिलीप ओहदार, सैनाथ महतो, विनोद करमाली, धनेश्वर महतो, कैलाश महतो, नागेश्वर महतो, लखन करमाली, दुबे महतो, सेवा महतो, ललकु महतो, संदीप महतो, कविता देवी, सीमा देवी, मिली देवी, सुमित्रा देवी, वीणा देवी, आशा देवी समेत कई अन्य लोग शामिल हैं। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिम का किया उद्घाटन



चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने शनिवार को शहर के गन्दौरी मंदिर स्थित जलछाजन भवन में नवनिर्मित आधुनिक सामुदायिक जिम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। जिला प्रशासन के द्वारा अधिष्ठापित आधुनिक सामुदायिक जिम के संचालन के लिए विकास केशरी को नियुक्त किया है। चतरा वासियों को जिम में सादर आमंत्रित हैं विशेष जानकारी के लिए जिम संचालक विकास केशरी के मोबाइल संख्या 9431333282, 8210407739 पर संपर्क करें। जिम सुबह 5 बजे से 9 बजे तक वहीं शाम में 4 बजे से 8 बजे रात्रि तक संचालित रहेगी। महिलाओं के लिए भी समय निर्धारित की जायेगी। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश समेत कई गणमान्य लोग मौंजूद थे।

## डीसी के निर्देश पर डीटीओ ने सुनी आमजनों की समस्या

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने की बात कही। समस्याओं में मुख्य रूप से आवास से संबंधित मामले, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संबंधित, भूमि संबंधित, पेयजल व्यवस्था संबंधित, धान अधिप्राप्ति, प्रज्ञा केंद्र से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

**COURT NOTICE**

In the Court of the Principal Judge, Family Court, Koderma.
Original Maintenance Case No. 27/2023
Malti Devi ............................ Petitioner
Versus
Baboo Nand Prasad ............Opp. Party
To,
Baboo Nand Prasad, S/o Late Jiv Nandan Prasad all residents of Forest Colony Quarter No. 03, Combined Forest Building, Bandarjori, Sonwadangal, P.O. & P.S. Dumka, Dist. Dumka (Jharkhand) - 814101. Present Address:Chidiyakhana, Ormanjhi, P.S. Ormanjhi, Dist. Ranchi (Jharkhand) - 835219.
Whereas the petitioner named above has filed above mentioned Original Maintenance Case No. 27/2023 against you. In spite of notices served upon you under registered post and through process server of court, you have failed to appear in the said suit.
You are hereby directed to appear before this court in the said suit directly or through your lawyer on 12.04.23 at 7:30. AM positively, failing which the suit shall be heard in your absence.
Given under my seal and signature of this court on 05.04.23 at Koderma.
The Principal Judge, Family Court, Koderma

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)
शुद्धि–पत्र
एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–25.03.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **16/ RCD/Daltonganj/ 2022-23/ 347** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 293635 Road (22-23)_D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।
PR 294651 Road(23-24)D

झारखंड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची।
"प्रेस विज्ञप्ति"
झारखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय में भाड़े पर वाहन लेने के संबंध में।
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची द्वारा भाड़े पर वाहन लिये जाने हेतु केवल व्यावसायिक रूप से निबंधित फर्मों से ए0सी0 एवं नॉन ए0सी0 वाहनों के मासिक किराये एवं दैनिक किराये के दर पर एजेंसियों को सूचीबद्ध किये जाने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 26.04.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
2. उक्त से संबंधित विस्तृत निविदा विवरणी आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर जारी कर दिया गया है।
ह0/–
संयुक्त सचिव (सामान्य),
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।
PR 294611 Jharkhand Public Service Commission(23-24)D

**Office of the Civil Surgeon -Cum-Chief Medical Officer, Khunti**

Recruitment Notification for Health Manager, District Hospital, Khunti

The District Health Department, Khunti, invites applications to fill the following vacancy of Health Manager, District Hospital, Khunti, necessary for the smooth functioning of the same.

| Sl No. | Name of Post | No. of Post | Monthly Consolidated Remuneration |
|---|---|---|---|
| 1. | Health Manager | 1 | Rs. 45,000/- |

Application for Health Manager, District Hospital, Khunti" to: khuntirecruitment @gmail.com only. The last date for receiving applications will be 12.04.2023
Essential Qualification, Job Description, term & Condition and Relevant Documents can be downloaded from https://khunti.nic.in
Civil Surgeon -cum-
Chief Medical Officer, Khunti
PR 294626 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नम आंखों से शिक्षा मंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किये




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को स्कूल के बच्चों एवं सभी शिक्षकों के साथ-साथ सभी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरांत कक्षा में पठन-पाठन प्रारंभ हुआ। स्कूल के सारे बच्चों के साथ-साथ काफी अभिभावक भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय प्रबंधक की ओर से इंजीनियर धीरज राज, आकाश कुमार मीडिया प्रभारी नूर आलम, शिक्षक सुमित सोनी, सूरज कुमार, सत्य प्रकाश वर्णवाल, आलोक कुमार, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, नम्रता तिर्की, रश्मि सिन्हा, कविता चौधरी, प्रियंका पांडेय, रागिनी कुमारी, सोनी कुमारी, सुतापा सेन, अमित सोनी, अलका मैम, सुतापा सेन आदि मौजूद थे।

### तीन दिवसीय बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का लिया गया निर्णय



**रंका (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर युवा क्लब कंचनपुर के तत्वावधान में तीन दिवसीय बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए युवा अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि ने बताया कि 13 अप्रैल को प्रखंड के विभिन्न भागों के लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस का आयोजन किया गया है। जो क्षेत्र के विभिन्न भागों में जाकर अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर जागरूक करेंगे, वहीं पर 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जीवनी पर गणमान्य लोगों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पण के साथ संबोधन एवं स्वागत भाषण का आयोजन किया गया है। जबकि आए हुए लोगों के लिए रविदास परिवार के द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है। तत्पश्चात संध्या बेला में प्रखंड के विभिन्न भागों से आये हुए लोगों का तथा बालक-बालिकाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जबकि 15 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी जो अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न भागों में भ्रमणशील होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा अंबेडकर क्लब के संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि, अनूप कुमार, राकेश कुमार, सचिन कुमार, आकाश, कुमार उज्जवल, कुमार रवि शामिल हैं।

### दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टेटुका कला गांव में दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार टेटुका कला गांव निवासी रविन्द्र चंन्द्रवशी पिता बनारसी चंन्द्रवंशी के साथ कांडी थाना क्षेत्र के हरिगांव निवासी संयुक्ता देवी पति सत्येंद्र राम की पुत्री नेहा देवी की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका की मां संयुक्ता देवी के द्वारा अपने दमाद एवं उसके भाई पर अपनी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हुए हत्या करने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर मेराल थाना में कांड सं० 56/2023 के तहत भावी की धारा 304(बी)/34 के अंतर्गत कांड दर्ज कर आरोपी पति को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**मेराल (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम सभी लोगों को स्वस्थ बने रहने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को अस्पताल में उपलब्ध निशुल्क स्वास्थ्य सेवा की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को इसका प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। अंकित मिश्रा ने लोगों को स्वस्थ रहने को लिए सुबह जल्दी से उठने तथा प्रतिदिन व्यायाम करने सहित कई बिंदुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड लेखा प्रबंधक दीपेश तिवारी, चंचल कुमार, नोडल कायाकल्प के सभी सीएचसी कर्मी, पिरामल स्वास्थ्य गांधी फेलो काजल सिंह, सनराइज इंडिया के अंकित कुमार मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**आक्रोश :** युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत, पुलिस पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

# आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने धुरकी-नगर उंटारी पथ किया जाम

> आक्रोशित लोगों ने नगर उंटारी इंस्पेक्टर को तत्काल कार्य से पद मुक्त कर उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के धुरकी सदर गांव निवासी मुमताज अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र वसीम शहजाद उर्फ लड्डू की मौत शनिवार की रात लगभग 2 बजे हो गई। परिजनों के अनुसार पुलिस इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने उसे आधी रात को किसी केस में वारंटी बताकर घर से उठाया था। जिसके बाद उसे उसे बुरी तरह से पिटाई की, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने शनिवार को सुबह 6 से मुख्य सड़क धुरकी-नगर उंटारी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

इधर धुरकी बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने भी आश्वासन दिया कि परिजनों के परिवार के दुख के साथ हूं, जांच उपरांत जो भी दोषी होंगे उन पर अवश्य कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अक्रोशित ग्रामीणों ने अपनी दुकान एवं प्रतिष्ठानों को बंद रखा। परिजनों ने बताया कि मृतक लड्डू के शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। पूरे शरीर में जख्म के निशान भी हैं। उसके शरीर एवं पैर में गंभीर चोट का निशान भी हैं। इधर आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों का मांग है कि नगर उंटारी इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार को तत्काल कार्य से पद मुक्त किया जाए एवं उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए।

मृतक के पिता मुमताज अंसारी ने बताया कि देर रात्रि धुरकी थाना के द्वारा मुझे फोन पर बताया जाता है कि आपका बेटा इंस्पेक्टर के कस्टडी में है। जो किसी केस में वारंटी के रूप में मुजरिम है। जिसके बाद वे सदर थाना पहुंचने के लिए पैदल घर से निकले। जब वह धुरकी थाना से पहले अस्पताल पहुंचे तो उसे अस्पताल व पुलिस प्रशासन के द्वारा कहा जाता है कि आपका बेटा सीरियस है। गढ़वा सदर अस्पताल चलना होगा। जिसके बाद उसे उसी वाहन पर बैठाकर गढ़वा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है। जिसके बाद मृतक के पिता और पुत्र के बीच में बातचीत होती है। उस दौरान ने बताया कि उसे इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा मेरे साथ लात-घुंसे से पिटाई की गयी है। यही नहीं, राइफल की बट एवं पुलिस के डंडे से भी मुझे बुरी तरह से पीटा गया है। इतना ही कहने के बाद मृतक की हालत और गंभीर हो जाती है। मृतक के पिता ने बताया कि यह पूरी तरह से पुलिस की गुंडागर्दी है। मेरे पुत्र को जबरदस्ती उठाकर घर से ले जाकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई है।

धरना प्रदर्शन में झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, कमलेश्वर पांडेय, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य इसराइल खान, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, धुरकी बीडीसी प्रतिनिधि राजकुमार राम, इनामुल हक अंसारी, कुदुस अंसारी, इनामुल हक अंसारी, समाजसेवी युवा समाजसेवी महताब आलम, जाबिर अंसारी, रमजान अंसारी, मुखिया महबूब अंसारी, अलिरोषण अंसारी, मुन्ना अंसारी सीता राम देहाती, डब्लू चंद्रवंशी मजमुद्दीन अंसारी शामिल थे।



#### परिजनों का आरोप जांच का विषय है : एसडीपीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि शुक्रवार की मध्यरात्रि इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार के द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान देखा गया कि खाला गांव के अम्बा कुइयां मोड़ के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल था। उसे उठाकर प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा लगाया गया आरोप जांच का विषय है।

## अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित मामले में जांच कर करें कार्रवाई : उपायुक्त

> उपायुक्त ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु आज समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया। साथ ही प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा एवं प्राथमिकता के आधार पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से जुड़े मामले में संलिप्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने समेत अन्य आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित मामलों पर पूर्णतः विराम लगाया जा सके। बैठक में उपायुक्त ने बालू घाट का डीएसआर बनाने को लेकर हुए अच्छे कार्य को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी समेत सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अधिक संख्या में बालू घाट का डीएसआर होने पर आम जनों को आसानी से बालू उपलब्ध हो पाएगा। साथ ही बालू के अवैध खनन से जुड़े मामलों पर भी अंकुश लगेगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आपस में कोआर्डिनेशन बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा। जिससे जिले में पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोका जा सके।

बैठक में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से पुलिस अधीक्षक, गढ़वा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, उत्तरी वन प्रमण्डल व दक्षिणी वन प्रमण्डल, अपर समाहर्त्ता, एसडीओ श्री बंशीधर नगर, गढ़वा, रंका, एसडीपीओ श्री बंशीधर नगर, गढ़वा, रंका, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, गढ़वा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### कांडी के युवक की मप्र में सर्पदंश से मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के घोड़दाग गांव निवासी स्व. सोमारू रजवार का 25 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र रजवार की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्येंद्र मध्य प्रदेश के कटनी जिला स्थित जीआरडीटी कम्पनी में एक माह पूर्व मजदूरी करने गया था, जहां वह तंबू में सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। गांव के ही उसके कुछ साथियों द्वारा रीवा अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि सत्येंद्र ही केवल एक कमाऊ व्यक्ति था, जिसकी मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण हो रहा था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्री व एक पुत्र छोड़ चला। मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद रविवार की सुबह आने की संभावना है। इधर घोड़दाग गांव में पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी से मृतक के आश्रित को आपदा राहत कोष व पारिवारिक सहित अन्य लाभ देने की मांग की है। मौके पर शिवनाथ यादव, अवधेश रजवार, उमेश यादव, सुरेश यादव, देवेन्द्र यादव, हरेंद्र यादव, रामजी रजवार, विनय रजवार, विजय रजवार, दिनेश रजवार, सतन रजवार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## हरिजन मवि में असामाजिक तत्वों ने मेन गेट में लगे ताले को किया सील



> प्रधानाध्यापिका और शिक्षक ताला नहीं खुलने से घंटों गेट पर खड़े रहे
>
> प्रधानाध्यापिका ने थाना में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के साईं मोहल्ला स्थित हरिजन मध्य विद्यालय में असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय के मेन गेट सहित क्लास रूम के दरवाजे में लगे ताले में छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। असामाजिक तत्वों द्वारा मेन गेट सहित सभी तालों में एमसिल लगा देने से ताले नहीं खुले। जिसके बाद स्कूल के प्रधानाध्यापिका एवं सभी शिक्षक घंटों मेन गेट पर ही खड़े रहे। उसके बाद सभी शिक्षक स्कूल के पीछे से स्कूल में प्रवेश किये और बच्चों से प्रार्थना करवाया। उक्त मामले में स्कूल की प्रधानाध्यापक रेणु कुमारी ने गढ़वा थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक रेनू कुमारी ने बताया कि स्कूल में चहरदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्व स्कूल में कचरा फैला देते हैं। यह पहली घटना नहीं है। पहले भी कई बार स्कूल के क्लास रूम सहित ऑफिस के ताले तोड़े दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर असामाजिक तत्व के लोग स्कूल परिसर में शौच कर देते हैं, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल में शिक्षण कार्य प्रभावित करने का प्रयास किया गया और स्कूल के मेन गेट सहित सभी क्लासरूम के लगे ताले में एमसील लगाकर बच्चों की शिक्षा को प्रभावित किया जा रहा है।

### कीटनाशक खाने से दो युवतियों की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के सिरोई गांव निवासी माखन तुरिया की पुत्री रीता कुमारी ने कीटनाशक खाकर जान दे दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर परिजनों ने रीता को डांट फटकार लगायी थी जिससे आक्रोशित होकर रीता ने कीटनाशक खा ली। स्थिति बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाये जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव परिजन घर ले गए। वहीं दूसरी घटना में गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी थाना क्षेत्र के सरकोनी गांव निवासी उपेंद्र शर्मा की पुत्री सीमा कुमारी ने कीटनाशक खाकर जान आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर डांट फटकार के बाद आक्रोशित होकर सीमा ने कीटनाशक खा ली। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


कार्यालय :–जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
Email Id :- discomctr@gmail.com

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है, कि पुलिस उप–महानिरीक्षक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय ज्ञापांक–493/आपूर्ति, दिनांक–16.03.2023 के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा के स्टोर में अनुपयोगी सरकारी सामग्रियों का निलामी की प्रक्रिया दिनांक–08.04.2023 से 11.04.2023 तक निर्धारित की जाती है। इच्छुक क्रेता/खरीरदार कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा, कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
चतरा।

PR 294632 Home(23-24)D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,
ROAD DIVISION, GUMLA-835207,
E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in

Corrigendum

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 293469 Road (22-23)*D** द्वारा प्रकाशित पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 294635 Road(23-24).D


**बैठक :** महर्षि वेद व्यास परिषद के मुख्य संगठन के साथ पांच शाखाओं का हुआ पुनर्गठन

# समाज के विकास और उत्थान के लिए होगा प्रयास

> संगठित समाज से ही विकास संभव : डॉ राजकुमार
>
> संगठन से मजबूत होता है समाज : डॉ कुलदेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रांची के पुराना विधानसभा सभागार में महर्षि वेद व्यास परिषद, झारखंड का प्रदेश एवं जिला स्तरीय पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर महापुरूषों के चरणों में पुष्प अर्पित किया गया। इस बैठक के माध्यम से महर्षि वेदव्यास परिषद, झारखंड की सभी इकाइयों को भंग करते हुए नयी समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ राज कुमार को प्रदेश अध्यक्ष एवं डॉ कुलदेव चौधरी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके बाद बिनोद चौधरी एवं अन्य पांच सदस्यीय टीम के द्वारा मुख्य संगठन के साथ पांच शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चुनाव किया गया। मुख्य संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश केवट, प्रधान महासचिव (मुख्यालय) डॉ गंगा केवट, प्रदेश महासचिव प्रेमलाल चौधरी, प्रदेश सचिव ब्रह्मदेव चौधरी (बोकेया), प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री ब्रह्मदेव चौधरी (लिखनियां), प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश्वर सहनी, राजेश चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता दामोदर चौधरी, चिरंजीव कुमार मंडल, सुमेर चौधरी, मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी एवं कार्यालय प्रभारी अरविंद केवट को चुना गया। साथ ही रांची जिला अध्यक्ष कमल सहनी, उपाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, श्यामलाल चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, उपाध्यक्ष उदेश चौधरी, सचिव उदय चौधरी, सचिव मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष मुन्नी चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी को बनाया गया।

इसके अलावा अनुशासन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रासन चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी चौधरी, विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चौधरी, उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, जितेन्द्र कुमार चौधरी, सचिव सुधीर चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष शिवलाल चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष चंद्रदेव चौधरी, नारी शक्ति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ममता देवी, पलामू जिला अध्यक्ष कमला देवी, गढ़वा जिला अध्यक्ष शारदा देवी, युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर चौधरी, उपाध्यक्ष ओमकार चौधरी, सांस्कृतिक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ललन चौधरी मनोनीत किये गए। सामूहिक रूप से लोगों ने संकल्प लिया कि संगठित समाज से ही विकास संभव है। इसके लिए संगठन सभी को एक साथ लेकर विकास एवं उत्थान के लिए पूरा प्रयास करेगा। क्योंकि संगठन से समाज को मजबूती मिलती है। परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष महर्षि वेदव्यास जयंती (गुरु पूर्णिमा), गुहराज निषादराज जयंती (केवट जयंती), वीर एकलव्य जयंती, वीरांगना फूलन देवी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।


कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2023-24

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | जिला परिषद सिमडेगा |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | 17.04.2023 (कार्यालय अवधि में अपराहन् 2:00 बजे तक ) |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 19.04.2023 (पूर्वाहन 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराहन तक) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 19.04.2023 (अपराहन 2:30 बजे ) |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– | कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा। |
| 8 | कार्य विवरणी | :– | |

| ग्रुप/क्र.सं. | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड़ | प्रखण्ड पाकरटांड़ के रामरेखा धाम में डाक बंगला निर्माण । | 2,27,30,019.00 | 4,55,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |
| 2 | बांसजोर | प्रखण्ड बांसजोर मुख्यालय में बस पड़ाव एवं मार्केट कम्पलेक्स का निर्माण । | 2,23,86,900.00 | 4,48,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |
| 3 | कोलेबिरा | प्रखण्ड मुख्यालय कोलेबिरा में बस पड़ाव एवं मार्केट कम्पलेक्स का निर्माण । | 2,23,86,900.00 | 4,48,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |
| 4 | केरसई | प्रखण्ड मुख्यालय केरसई में बस पड़ाव एवं मार्केट कम्पलेक्स का निर्माण । | 2,23,86,900.00 | 4,48,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, सिमडेगा।

PR 294612 (District) 23-24 (D)

## बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद, लोहरदगा की ओर से इस माह 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाये जाने के निर्णय से सभी को अवगत कराया गया। इसके अंतर्गत समाहरणालय के समीप अवस्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण 11.30 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। इससे पूर्व कचहरी चौक से पावरगंज चौक, अपर बाजार, मिशन चौक से वापस न्यू रोड, पावरगंज होते हुए कचहरी चौक मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न होगी। इसके उपरांत समाहरणालय मैदान में स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता की जाएगी। कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बाबा साहब की जीवनी से जुड़ी फिल्म भी दिखायी जाएगी। बाबा साहब से संबंधित पुस्तक का भी वितरण किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी को एसटी-एससी अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिये जाने का निदेश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा को डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और आस-पास के परिसर की सफाई का निदेश दिया गया। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद और बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अंबेडकर विचार परिषद, लोहरदगा के सदस्यगण उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आइसक्रीम बेचने के दौरान किसी बात को लेकर आइसक्रीम वाले से दोनो युवक का कहा सुनी हुआ और विवाद बढ़ गया। उसी दौरान आइसक्रीम वाले के साथ स्थानीय दोनो युवक मार पीट करने लगे जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देर शाम देते हुए वर्तमान सेरेंगहातू निवासी मोहादिन अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र समीम अंसारी द्वारा दो नामजद नितेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुकेन्द्र उराँव के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए कानूनी कारवाई हेतु सेन्हा थाना में गुहार लगाया गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा मारपीट मामला का आवेदन प्राप्त होते ही कांड संख्या 43/23 दर्ज कर धारा 341,323,504,506,295 ए,34 भादवी के तहत त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस द्वारा बदला निवासी ओम लाल के 32 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार श्रीवस्तव एवं बदला बोधा टोली निवासी एतवा उराँव के 35 वर्षीय पुत्र सुकेन्द्र उराँव को देर रात गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। वही बताया जाता है कि वर्तमान सेरेंगहातू निवासी समीम अंसारी बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत गोला थाना क्षेत्र के अकौरी गोल का स्थाई निवासी है। फिलहाल लोहरदगा जिला के सेरेंगहातू में किराए के मकान में रहकर जीविकोपार्जन हेतु आइसक्रीम बेचने का कार्य करता है।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही )। दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की याद में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और समाहरणालय कर्मियों द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञातव्य हो कि झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की चेन्नई (तमिलनाडु) में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इस मौके पर जिले के सभी पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एमएलए कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही साइकिल रैली का उद्देश्य : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया। जिसको अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने झंडा दिखला कर रवाना कराया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। साइकिल रैली एमएलए कॉलेज से निकलकर न्यू रोड, पावरगंज, अमला टोली, बड़ा तालाब, अपर बाजार, महावीर चौक, बरवा टोली चौक होते हुए पुनः एमएलए कॉलेज में पहुंचकर विचार गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ। साइकिल रैली का नेतृत्व स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कर रहे थे। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि स्थापना के 75 वें वर्ष में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सबके लिए स्वास्थ्य घोषित किया। इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ होना होगा। राज्य भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता एवं सहायता प्रदान कर रहा है। सांसद प्रतिनिधि एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस पैट्रोन चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि आप सभी स्वच्छता के दूत है, आपसे यह संदेश दूर-दूर तक जाएगा कि अपने खानपान में नियंत्रण, नियमित योग के द्वारा स्वस्थ रहा जा सकता है। सिटी मैनेजर विजय कुमार ने बतलाया कि लोहरदगा नगर परिषद आप सभी के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाने के लिए तत्पर है, कोरोना काल में भी जब लोग एक दूसरे के निकट आने से भी बच रहे थे सफाई कर्मी आत्मविश्वास के साथ लोगों के स्वच्छता का ख्याल रख रहे थे। संचालन सचिव अरुण राम एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो स्नेह कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ राजेश कुमार, सिटी मैनेजर विजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, जगतपाल केसरी, रूबी जयसवाल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### मजदूरों को पीटा, छीने मोबाइल, काम बंद करने की दी चेतावनी, छोड़ा पर्चा

## बंडा पतराटोली में पीएलएफआइ उग्रवादियों का तांडव

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा / लोहरदगा ।** थाना क्षेत्र के नंदनी नदी से नदी नगड़ा तक भाया मुख्य नहर के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ बीती रात मारपीट कर काम बंद करने अन्यथा बुरा अंजाम भूगतने की चेतावनी उग्रवादियों द्वारा दी गयी है। इस क्रम में उग्रवादी मजदूरों का सात मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए। घटना के संबंध में कार्यस्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि रात में 10:30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल में 6 उग्रवादी राइफल नुमा बड़े हथियार लेकर आए। मजदूरों के रहने वाले जगह पर लगभग 50 मजदूर थे। सभी मजदूरों के साथ मारपीट किए और मजदूरों का मोबाइल छीन लिया । हथियारबंद उग्रवादियों ने नहर निर्माण में काम नहीं करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दिया कि अगर नहर निर्माण में काम किया तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा । उग्रवादियों के द्वारा एक पर्चा भी मजदूरों को दी गयी। जिसमें ठेकेदार से लेवी की मांग की गयी है। पर्चा में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान पीएलएफआई लिखा हुआ है। उग्रवादियों द्वारा दिया गया पर्चा पुलिस अपने कब्जे में ले ली है । इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि नंदनी नदी से नदी नागड़ा तक नहर निर्माण कार्य में लगे मजदूरो के पड़ाव स्थल में अपराधी आए थे। पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। नहर निर्माण में लगे मजदूर बंड़ा पतराटोली के पास झोपड़ी बनाकर नहर निर्माण का कार्य कर रहे थे। सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के हैं । रात में खाना खाने के बाद मजदूर सोने की तैयारी कर रहे थे। मजदूरों ने कहा कि हमारी क्या गलती है । हमें क्यों मार रहे हो। तब उग्रवादियों ने कहा कि नहर निर्माण का कार्य नहीं करना है। जब तक कि ठेकेदार लेवी नहीं देता है। बगैर लेवी दिए काम शुरू करने पर बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**56 करोड़ की लागत से लॉडज कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है कार्य:** जल संसाधन विभाग के द्वारा नाहर का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण का कार्य लॉडज कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है । यह कार्य 56 करोड़ की लागत से की जा रही है। उग्रवादियों द्वारा निर्माण स्थल में किए जा रहे विकास काम को लेवी के लिए रोक लगाने की घटना के बाद भंडरा थाना क्षेत्र में उग्रवादी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिए। लंबी चुप्पी के बाद उग्रवादियों की उपस्थिति का क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

## टेंपो की टक्कर में बाइक चालक घायल



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना के समीप बाइक सवार युवक को टेम्पू चालक ने मारा टक्कर, युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे पत्रकार एवं पुलिस के सहयोग से अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल की पहचान डोका करम टोली निवासी ओपिल उराँव के 32 वर्षीय पुत्र मनोज उराँव के रूप में किया गया। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से सेन्हा थाना पुलिस को प्राप्त होते ही पु0आ0नि0 गणेश यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच दोनो वाहन को जब्त कर घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। बताया जाता है कि बाइक जे एच 08 एच 6836 से मनोज उराँव अपने घर से लोहरदगा जा रहा था। वहीं पीछे से जा रही टेम्पू जे एच 05 बी एस 3742 के चालक अनियंत्रित हो बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक का दाहिना पैर एवं बाएं पैर तथा हाथ और माथा में चोट आई है। फिलहार खतरा से बाहर बताया जा रहा है।

## महुआडांड़ के 83 बूथों में सोलर लाइट लगायी गयी



महुआडांड (आजाद सिपाही )। चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से महुआडांड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद एवं जिला कार्यसमिति सदस्य भैया आनंद किशोर नाथ शाह के देखरेख में प्रखंड के रामपुर, राजडण्डा, दीपाटोली, जरहाटोली, परहाटोली, अक्सी, नेतरहाट, असनारी समेत 83 बूथ में सोलर लाइट लगाया गया। जिसका निरीक्षण व देखरेख का जिम्मा बुथ अध्यक्षों को दिया गया है।

## बीडीओ ने पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही )। प्रखंड परिसर के बहुउद्देशीय भवन में जिला प्रशासन के निर्देश में संचालित पुस्तकालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने औचक निरीक्षण करते हुए संचालित करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बता दे की पुस्तकालय का उद्घाटन बिगत 21 मार्च को उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया था। तब से प्रखंड क्षेत्र के स्नातक एव इंटर पास विधार्थियो ने सुबह 10 बजे से 5 बजे तक अध्ययन का कार्य कर रहें है। पुस्तकालय में विधार्थियो को आराम से बिना शोर शराबा का शांतिपूर्वक पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की पुस्तकालय में पढ़ने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तरह की पुस्तकों का व्यवस्था किया गया है। छात्र छात्राएँ अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें । प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय कमेटि से बैठक कर निर्णय लिया जायेगा की प्रखंड कार्यालय का सरकारी छूटी के दिन पुस्तकालय खोला जाय की नही। उन्होंने कहा की पुस्तकालय की देखने के लिऐ प्रति दिन अलग अलग बीआरपी को लगाया गया है। बच्चो को निर्देश देते हुए कहा की अपने सहपाठियों को भी पढ़ाई के लिये पुस्तकालय में पंजीयन कराये और इच्छुक हो कर किताब से रिश्ता रखें जिसे आप सभी कामयाब बन सकेंगे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## डायन कुप्रथा को लेकर अंधविश्वास के प्रति जागरूकता रैली निकाली गयी



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। डायन कुप्रथा जादू, टोना जैसे अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने को लेकर शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोला गांव में मुखिया रीता खलखो की अध्यक्षता और जेएसएलपीएस के महिला समूह की सखी मंडल के नेतृत्व और नरेगा वाच सदस्य अफसाना के अथक प्रयास से महिलाओं द्वारा रैली निकालकर लोगो को अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूरे गांव के गली गली में भ्रमण किया गया। नरेगा वाच सदस्य अफसाना ने कहा कुछ दिनों पूर्व ओरसा पंचायत के जामडीह में जैसी घटना घटी वह सोचनीय है और बहुत ही दुखदायी था, मेरा प्रयास रहेगा। प्रखंड के सुदूर गांव में अंधविश्वास के प्रति लोगो में जागरूकता आये, इस तरह के रैली निकाली जाये। मौके पर उप मुखिया शारदा देवी, ललीता देवी, अमरमनी कुमारी, गुलाब देवी और सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थे।

## वाहन जांच के दौरान सात बाइक जब्त परिवहन नियम के तहत होगी कार्रवाई



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर डीटीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान छोटी वाहन से लेकर भारी वाहन का जांच किया गया। जांच के दौरान वाहन से संबंधित कागजात का जांच किया गया। जिसमें त्रुटि पाए जाने पर 7 बाइक को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताया जाता है, कि जब्त बाइक का कागजात में त्रुटि पाया गया है। जिसको लेकर परिवहन नियम के अनुसार बाइक मालिक से जुमार्ना राशि की वसूली किया जाएगा। परिवहन विभाग कर्मियों के अनुसार बता दें कि ससमय वाहन का कागजात दुरुस्त नही किए जाने से विभाग को राजस्व की क्षति हो रहा है। वैसे वाहन मालिक नियम को ताख पर रख कर धड़ल्ले से वाहन परिचालन करवा रहे है। जिसको लेकर जिला के अलग अलग क्षेत्र में आदेशनुसार लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। वैसे वाहन मालिक को चेतावनी दिया गया जिसका वाहन का कागजात अधूरा है। जो ससमय परिवहन विभाग से संपर्क कर कागजात दुरुस्त करा लें वाहन जांच के दौरान अमरेश भार्ती सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावे सेन्हा थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

## महिला, युवा, किसान विरोधी राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी : राजमोहन राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो (लोहरदगा)।** झारखण्ड की निक्कमी और भ्रष्टाचारी हेमंत नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ आगामी 11 अप्रैल को झारखण्ड सचिवालय घेराव को लेकर कैरो मंडल भाजपा की बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम की उपस्थिति मे बैठक हुई सम्पन्न। बैठक मे पुर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम ने कहा कि राज्य की वर्तमान हेमंत नेतृत्व वाली महिला, युवा, किसान विरोधी सरकार भ्रष्टाचार की आकण्ठ मे डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता से किये गये वायदे को निभा पाने मे पूरी तरह विफल रही है, इन्ही सब नीतियो को लेकर झारखंड भाजपा द्वारा आयोजित 11 अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय को घेराव कर राज्य सरकार की नीतियों को भाजपा के एक एक कार्यकर्ता राज्यवासियो को बताने का कार्य करेंगे। उक्त घेराव कार्यक्रम मे कैरो प्रखंड क्षेत्र के बूथ स्तर के सैकड़ो कार्यकर्ता लेंगे भाग।

उपरोक्त बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राजमोहन राम, प्रखंड कार्यक्रम संयोजक विशेश्वर प्रसाद दीन, पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष मनिन्द्र शाह, जिला कार्यसमिति सद्स्य मोहन साहू,बजरंग उरांव, हनहट मुखिया श्रवण मुंडा, महामंत्री राधेश्याम लोहरा, कुलदीप सिंह, जगनारायण प्रजापति, विनोद राम, गोविंद महतो, शिवचरण तुरी, हरिगोपाल साहू, इत्यादि भाजपाई उपस्थित हुए।

## जामा मस्जिद में जुम्मा के दिन हुई तरावीह

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया उल इस्लाम में जुम्मा के दिन खत्में तरावीह किया गया। यह तरावीह शुरू रमजान से लेकर 15 रमजान तक चला। तरावी की नमाज जामिया नूरिया उल इस्लाम के इमाम व मोहतमिम मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में पढ़ायी गयी । ज्ञात हो कि तरावीह की नमाज में कुरान मस्जिद के तीस पारे को बिना देखे हुए पढ़ी जाती है। यह बहुत बड़ी सआदतमंदी की बात होती है जो हाफिज होते हैं वह बिना देखे इतनी मोटी किताब कुरान मजीद के 30 पारे को बिना देखे तरावीह की शक्ल में सुना देते हैं। रमजान के दिनों में तरावीह का एक अहम मुकाम होता है हर आम व खास लोग शामिल होकर अकीदत के साथ तरावीह की नमाज अदा करते हैं। हर वर्ष जिस इमाम के द्वारा तरावी पढ़ाई जाती है उन्हें मुक्तदियों की ओर से तोहफा एवं नजराना दिया जाता है। इस वर्ष भी तोहफा एवं नजराना के तौर पर नई कमेटी एवं पुरानी कमेटी के द्वारा संयुक्त रूप से 51781 रुपए इमाम को दिया गया। तरावीह खत्म होने के उपरांत मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा इल्म यानी शिक्षा से संबंधित लोगों को बातें बतायी गयी उन्होंने कहा कि कुरान में अल्लाह के द्वारा जो सबसे पहले आयत नाजिल की गई वह इल्म यानी शिक्षा से संबंधित था इसलिए इस्लाम में इल्म को सबसे पहले तरजीह दी जाती है। शुरू से ही इस्लाम में इल्म सीखते को फर्ज बताया गया। वही कारी साहब,हाफिज जावेद साहब, शहजाद आलम व मदरसे के तलबा के द्वारा नाम शरीफ पढ़ी गई। जिसके बाद मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही अच्छे अंदाज में देश, दीन और दुनिया के लिए दुआ की गई। मौके हाजी मोहम्मद साहब नसीर उद्दीन साहब सदरे आलम, खुर्शीद आलम इरफान आलम आरिफ आलम, लाडले हसन, समेत सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा तरावीह में शामिल होकर नमाज अदा की गयी।

## बीएस डीएवी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के जलता ग्राम स्थित बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के विभिन्न सदनों के नवनिर्वाचित कप्तान और उपकप्तान ने अपने कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का शपथ लिया । शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना सभागार में साप्ताहिक को कैरिकुलर एक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें दयानंद, अरविंदो, विवेकानंद, श्रद्धानंद सदनों के नव निर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गये समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने विभिन्न सदनों के सदन संचालकों के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि ह्ययह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का द्योतक है अतः आप लोगों से अपेक्षा है कि इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करेंगे। विद्यालय के विभिन्न सदनों के पदाधिकारी अपने सदन संचालकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सदनों के प्रतीक ध्वज के साथ उपस्थित हुए। सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने अनुशासन तथा शिष्टाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हुये विद्यार्थियों को विद्यालय की गरिमा को उन्नत करने की शपथ दिलायी। वहीं अरुण कुमार पांडेय ने बच्चों को विद्यालय में सीसीए की महत्ता को बतलाया। दयानंद हाउस में कप्तान शिवम मेहता, उपकप्तान आद्या श्रीवास्तव ,अरविंदो हाउस में कप्तान कुमार हर्षित, उप कप्तान ईशु बच्चन, विवेकानंद हाउस में कप्तान यशस्वी द्विवेदी, उपकप्तान मानसी सिंह, श्रद्धानन्द हाउस में कप्तान सोनाक्षी सिंह सुमन,उपकप्तान वत्सल राठौर का चयन किया गया। चारों सदनों के असेम्बली कोऑर्डिनेटर के रूप में खुशी, एरम रजा, अंशु आर्या, तान्या कुमारी, एवं हॉउस बोर्ड इंचार्ज के रूप में परी, राजनंदिनी शाहदेव, नाव्या राणा, खुशबू को मनोनीत किया गया। इस दौरान विभिन्न सदनों के संचालकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन करें और अपने बड़ों और शिक्षकों का सम्मान करें कलक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन से काम करें सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रवि प्रकाश तिवारी, सुशील दुबे,बीएन साहा, बसंत कुमार , अजीत कुमार ,शिक्षिका शकुंतला पाल सहित अन्य कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## राजसात वाहनों की नीलामी संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** राजसात वाहनों के लिए खनन विभाग से निकाली गयी निविदा की नीलामी को लेकर शनिवार को उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी एवं विभाग के द्वारा निर्धारित राशि के एवज में नीलामी संपन्न हुई। इसमें पेलोडर,हाइवा, ट्रैक्टर एवं अवैध रूप से जप्त बालू की नीलामी हुई। जिसमें पेलोडर 32 लाख,50 हजार,हाइवा 20 लाख 78 हजार,5 सौ, ट्रैक्टर 1 लाख 50 हजार की अधिकत दर पर नीलामी की गयी, जबकि बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि संवेदको को दस दिनों के अंदर निर्धारित दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के अलावे पूरी राशि जमा करवाना होगा।

**56 लाख 29 हजार 5 सौ रुपए की राजस्व की होगी प्राप्ति**

खनन विभाग के द्वारा राजसात वाहनों की नीलामी में विभाग को कुल 56 लाख,29 हजार,5 सौ रुपए की राजस्व प्राप्त होगी। (1) पेलोडर 32 लाख,50 हजार, खरीददार-मुकेश कुमार सिंह, पिता कृष्णा सिंह, बालूमाथ। (2) हाइवा -राशि 20 लाख 78 हजार,5 सौ, खरीददार-भोला सिंह, पिता मनी प्रसाद सिंह, लातेहार। (3) ट्रैक्टर, राशि 1 लाख 50 हजार, खरीददार-नरेश कुमार, पिता विरो राम, मनिका जुगूंर, लातेहार

बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई एवं इसे अधिकतम बोली लगाकर उपकार, इंफाटेक्कर, प्राइवेट लिमिटेड, पार्टनर-एम वासुदेव रेडडी, रेलवे कैंप बालूमाथ लातेहार

नीलामी में गठित समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप,जिला खनन पदाधिकारी, आनंद कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह,जिला लेखा पदाधिकारी, उपायुक्त वाणिज्यकर,पलामू एवं मोटरयान निरीक्षक,लातेहार समेत संवेदक मौजूद थे।

## सरना समिति की बैठक बामदा गांव में मेला स्थल पर 14 अप्रैल को : हंदु भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरना समिति गुमला जिला के द्वारा सरना स्थल की घेराबंदी एवं जिला में पूर्ण शराब बंदी लागू करने की मांग को 14 अप्रैल को बामदा गांव में मेला स्थल पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में पदयात्रा का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। क्योंकि 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती होने के कारण सरकारी छुट्टी है। इस कारण से पदयात्रा को स्थगित किया गया है। जिसके लिए समय और तिथि का निर्धारण 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली बैठक में किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए सरना समिति गुमला जिला के अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के चैनपुर प्रखंड के प्रभारी हंदू भगत के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्य सहदेव मुंडा, बाबूलाल मुंडा, समीर उरांव, भैया मुंडा, केश्वर मुंडा, एतवा उरांव समेत चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सरना धर्मावलंबी के द्वारा बैठक की तैयारी शुरू कर दी गई है। समिति के जिला अध्यक्ष हंदु भगत ने सरना धर्मावलंबियों से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

## गुमला विस क्षेत्र में 14 से चैनपुर प्रखंड से शुरू होगी हालात बदलो संदेश यात्रा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार एवं झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त रूप से चल रही लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में हालात बदलो संदेश यात्रा 14 अप्रैल 2023 से गुमला विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड से शुरू की जाएगी। संदेश यात्रा के तहत सभा आयोजित कर महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कालाबाजारी, गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्यूमीनियम कारखाना का निर्माण, कृषि आधारित रोजगार का सृजन करने, मानव तस्करी, पलायन, विकास के नाम पर मची लूट के अलावे परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का के गृह अनुमंडल क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को मुख्य रूप से उठाया जाएगा।

## सिसई के रेड़वा पोढ़ा गांव में ग्रामीण ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रेड़वा पोढ़ा गांव निवासी लरंगु साहू के पुत्र प्रदीप साहू ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक प्रदीप साहू के पिता ने अपने पुत्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि शुक्रवार को वह और उनका बेटा नागफेनी बाजार से घर लौटने के पश्चात घर पर ही थे। रात में सभी परिजन के साथ प्रदीप भी खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। कुछ देर बाद प्रदीप की पत्नी रेणुका देवी जब सोने के लिए कमरे की ओर गयी तो देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है और काफी आवाज देने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। तब कुल्हाड़ी से कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। अंदर प्रदीप नायनोल की रस्सी को फंदा बनाकर फांसी पर लटका हुआ था। रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रदीप की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घटना की सूचना शनिवार सुबह पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## रंका प्रखंड प्रमुख ने दो दिव्यांगों के बीच किया ट्राई साइकिल का वितरण



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने दो दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर दिव्यांग लाभुकों को ट्राई साइकिल देते हुए हेमंत लकड़ा ने कहा कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के तहत रंका प्रखंड के शेरासाम निवासी रामेश्वर विश्वकर्मा तथा आदित्य कुमार रंका निवासी को ट्राई साइकिल दिया गया है। दोनों लाभुक दिव्यांगता की श्रेणी में स्थान रखते हैं। इस अवसर पर सामाजिक कल्याण विभाग के निर्मला कुजूर, सुनीता कुमारी, शेरासाम गांव के समाजसेवी रामप्रवेश कोरवा, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो प्रखंड सचिव पप्पू यादव, झामुमो उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, लाल बहादुर यादव, बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका व अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : भाजपा ओबीसी मोर्चा ने बरगांव में चलाया गांव-गांव चलो, घर-घर चलो जनसंपर्क अभियान**

# मोदी सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पर्चा किया वितरित

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं : अनिल साहू**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू के नेतृत्व में प्रखंड के बरगांव में गांव-गांव चलो, घर-घर चलो कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बरगांव के घर-घर जाकर पर्चा वितरण किया। साथ ही केन्द्र के मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे करने पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं, ओबीसी कानून, रोजगार व नौकरी में विशेष प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, समावेशी ओबीसी सूची अधिकार, ओबीसी क्रीमी लेयर के आय मानदंड को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने, केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ओबीसी वर्ग का अधिकतम प्रतिनिधित्व, ग्रेड सी नौकरी में साक्षात्कार हटाने का प्रावधान, सभी दैनिक स्कूलों, केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान, ओबीसी छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति आय पात्रता साढ़े चौवालीस हजार से बढ़ाकर ढाई लाख करना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, ओबीसी के लिए जेआरएफ स्तर पर फैलोशिप 31 हजार प्रति माह, एसआरएफ स्तर पर एचआरए को छोड़कर 35 हजार प्रति माह, इसके लिए बजटीय आवंटन वृद्धि, नीट परीक्षा में प्रावधान, नई शिक्षा नीति में ओबीसी के लिए प्रावधान, गरीब व पिछड़ों के लिए स्वास्थ्य सेवा व सुविधा, आयुष्मान भारत, 2020-21 में ओबीसी उद्यमियों के लिए 60 करोड़ रुपए, स्नातक व स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम में अखिल भारतीय कोटा से ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत व आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण, ओबीसी विश्वकर्मा योजना के तहत 140 जातियों के शिल्पकार, हस्तकला व सोनार के लिए ट्रेनिंग, फंडिंग व मार्केटिंग सहित ऐसी अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ओबीसी को दिया गया है। केन्द्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास के तहत लगातार राष्ट्र सेवा व विश्व पटल पर भारत को अग्रणी श्रेणी में लाकर देश का चहुंमुखी विकास व मान बढ़ाने का काम किया है। मौके पर रविन्द्र साहू, बसंत यादव, चरवा उरांव, संजय महतो, लक्ष्मी यादव तेज नारायण सिंह, तारकेश्वर साहू, छोटे लाल ताम्रकार सहित बरगांव के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड कांग्रेस ने जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत की नुक्कड़ सभा

**भाजपा की केंद्र सरकार में गरीबों का हो रहा शोषण : अरूण कुमार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में शनिवार को घाघरा जग बगीचा साप्ताहिक हाट में जय भारत सत्याग्रह पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक के मुख्य गेट के समीप से बैनर और झंडे लेकर कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जग बगीचा स्थित साप्ताहिक हाट पहुंचे। जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में महंगाई दिन प्रतिदिन और बढ़ती जा रही है। यह सरकार जुमलेबाजों की सरकार बन गयी है। केंद्र की सरकार पूंजीपतियों के लिए बनी हुई है। इस सरकार में गरीबों का शोषण हो रहा है। राहुल गांधी के द्वारा प्रस्तावित जय भारत सत्याग्रह एक आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है ताकि केंद्र की सरकार की सच्चाई को लोगों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा सके। जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने भी संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब किसान की आवाज है जिसे केंद्र सरकार द्वारा दबाने का प्रयास किया जा रहा है लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है वही कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर बिष्णु राम, दिलबहार अंसारी, शहजाद खान, अशोक उरांव, ऑगस्टिन महेश कुजूर, राजीव उरांव, रमेश जायसवाल, रामवृत उरांव सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन ने किया वार्ड विद्यालय का उद्घाटन

**हमारी संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए ऑर्गेनिक खेती और बच्चों की शिक्षा पर काम कर रही है : उदय बैठा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत दुसैया गांव में स्वयं सेवी संस्था भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन के बैनर तले वार्ड विद्यालय का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए संस्था के जिला समन्वयक उदय बैठा ने संस्था के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारी संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए ऑर्गेनिक खेती एवं बच्चों की शिक्षा पर काम कर रही है। इसके तहत किसानों को उन्नत खेती के साथ कृषि को बढ़ावा देने के लिए किसानों को गांव गांव में किसान चौपाल लगाकर कार्ड धारकों को निःशुल्क मृदा परीक्षण एवं जैविक खेती के बारे में जानकारी दी जा रही है। हमारी संस्था शिक्षा, सहायता, गरीब किसानों को ई मार्केटिंग की सुविधा प्रदान करती है। इसके लिए प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत व वार्ड स्तर पर संस्था के कर्मी जाकर जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

भानु ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड 2019 से जैविक के निर्देश पर काम करती है। इसी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सगमा प्रखंड के दुसैया गांव के वार्ड नंबर ग्यारह में वार्ड विद्यालय खोला गया है। इसमें जो बच्चे स्कूल से आकर घूमते रहते हैं वैसे बच्चों को प्रतिदिन एक घंटा पढ़ाई करायी जाएगी।

इस अवसर पर संस्था की प्रखंड शिक्षिका नेहा कुमारी, नंदू कुशवाहा, जवाहिर पासवान, वार्ड शिक्षिका मधु कुमारी, प्रखंड समन्वयक अरुण कुमार यादव, पंचायत समन्वयक अमित विश्वकर्मा, संदेश यादव अर्जुन पासवान, अर्जुन साह, मोतीलाल कुमार, ओमकार राम,पाना देवी, सीता देवी, पूजा देवी, कविता देवी, अमरावती देवी, तेतरी देवी सुनीता देवी, पार्वती देवी, रीता देवी, चंपा देवी, प्रियंका देवी सहित कई लोग शामिल थे।

**कार्रवाई : अधिकारियों की टीम ने की तुकई में स्कूल घेराबंदी निर्माण कार्य में अनियमितता की जांच**

# बमुश्किल एक फिट खोदकर की गयी फाउंडेशन की जांच

**तुकई में बिना फॉउंडेशन दिये टाईबीम से ही कॉलम खड़ा करने की शिकायत की गयी थी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** प्रखंड अंतर्गत तुकई में सरकारी स्कूल घेराबंदी निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग की जांच शनिवार को एसडीओ संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में की गयी। मालूम हो कि गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव को प्रखंड क्षेत्र के अनेक स्कूलों में हो रहे घेराबंदी कार्य में अनियमितता बरतने, घटिया सामग्री के उपयोग करने की शिकायत के उपरांत डीसी द्वारा जांच करने का निर्देश बसिया एसडीओ संजय पीएम कुजूर एवं बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता को दिया गया था। जिसके उपरांत शनिवार को एसडीओ संजय पीएम कुजूर, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गयीा। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि शनिवार शाम तक जांच रिपोर्ट उपायुक्त गुमला को भेज दी जायेगी।

जांच टीम द्वारा दो जगहों पर जहां पीलर था वहां पर बमुश्किल लगभग एक फिट खोदकर फाउंडेशन की जांच की गयी। जबकि जानकारों की मानें तो प्राक्कलन के आधार पर फाउंडेशन तीन गुणा चार फिट गहरा गड्ढा खोदकर करना था। तुकई में अनेक लोगों द्वारा बिना फॉउंडेशन दिये टाईबीम से ही कॉलम खड़ा करने की शिकायत की गयी थी।

### जांच टीम को गुमराह करने की कोशिश

जांच के दौरान ठेकेदार द्वारा जांच टीम को गुमराह करने हेतु जिंदल पैंथर के छड़ को गोदाम में रख दिया गया था, जबकि घेराबंदी कार्य में निम्न स्तर का छड़ का उपयोग किया गया है। जांच के दौरान एक शिक्षक की भूमिका संदेहास्पद रही। हालांकि बताया गया कि उक्त शिक्षक भी पेटीदार ठेकेदार के रूप में कार्य में हिस्सेदार रहा।

### आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित की गयी घटिया निर्माण संबंधित खबर

प्रखंड के आर्या और तुकई में सरकारी स्कूल घेराबंदी निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग की खबर अनेकों बार प्रमुखता से प्रकाशित की गयी थी। तुकई में पुराने नाली के ऊपर ही टाईबीम बांधकर दीवाल खड़ी कर दी गयी, जिससे बरसात में सड़क का पानी नाली में नहीं जा पायेगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोलीबारी से दो घायल

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गढ़गांव बस्ती में मंडा पूजा के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शनिवार की सुबह में गोली चल गयी। अज्ञात द्वारा चलायी गयी गोली में दो लोग घायल हो गये। घायलों में गढ़गांव के रवि नायक व बेड़ो सरना टोली के अमन लकड़ा के के रूप में पहचान की गई है। रवि को इलाज के लिये रिम्स में भरती कराया गया है। वहीं मामूली रूप से घायल अमन को बेड़ो स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद घर वापस भेज दिया गया है। इस संबंध में रवि के पिता मखन नायक द्वारा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी रजनी रंजन के अनुसार गांव में मंडा पूजा के समापन के दौरान शुक्रवार की रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## नवनिर्मित पुस्तकालय के सफल संचालन को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कौशल विकास केंद्र के सभागार में नवनिर्मित पुस्तकालय के सफल संचालन को लेकर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों समेत प्रखंड के कई लोग उपस्थित हुए। इस पुस्तकालय से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ मिल सके जिसे लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि पुस्तकालय का निर्माण सरकार द्वारा एक विशेष उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पुस्तकालय में चैनपुर प्रखंड के अलावा दूसरे प्रखंड के पुस्तक प्रेमी भी पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के चैनपुर आगमन पर पुस्तकालय का नामकरण किया जाएगा। पुस्तकालय के सफल संचालन के लिए आम सभा के माध्यम से संचालन समिति का गठन किया जाएगा, जो सभी लोगों को पुस्तकालय संबंधित जानकारी एवं नामांकन प्रक्रिया की जानकारी दे सकें। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी गौतम कुमार, प्रोफेसर अमित कुमार, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैनपुर बस स्टैंड के समीप पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस के द्वारा मुख्यालय के बस स्टैंड के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग इत्यादि की जांच की गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट के चलने लोगों के वाहनों को जब्त भी किया गया। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गुमला एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों से अपील की जा रही है वे मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं नशापान कर वाहन न चलायें। अन्यथा पकड़े जाने पर वाहन को जब्त किया जाएगा।

## अवैध बालू भंडारण को लेकर सीओ ने थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू भंडारण को लेकर सीओ द्वारा शनिवार को अज्ञात बालू भंडारण कर्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रखंड के ओल्मुण्डा बाकुटोली गांव स्थित कोयल नदी तट के आसपास के चार जगहों पर अवैध रूप से बालू भंडारण की गुप्त सूचना के आधार पर सीओ अरुणिमा एक्का ने शनिवार को पुलिस बल के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बाकुटोली गांव के चार विभिन्न स्थानों पर अवैध बालू भंडारण क्रमशः 15 हजार, 5 हजार, 10 हजार व 7 हजार सीएफटी बालू को जब्त किया गया। उक्त अवैध बालू भंडारण को लेकर सीओ ने सिसई थाना में अज्ञात भंडारण कर्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## संजय उरांव बिशुनपुर विधानसभा का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर विधानसभा विधायक चमरा लिंडा ने बेलागड़ा ग्राम निवासी संजय उरांव को विधानसभा का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में विधायक ने पत्र जारी कर जानकारी दी। इधर शनिवार को नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव ने शनिवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर संजय उरांव ने कहा कि विधायक द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, मैं उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर उसे बेहतर प्लेटफार्म तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या की बाबत हमें जानकारी दें, ताकि मैं इसका निराकरण के लिए कार्य कर सकूं। मौके पर कामख्या भगत, चंद्रदेव उरांव, कपिल उरांव, सतेंद्र उरांव, अरुण पांडेय, देवा उरांव, कृष्णा कुमार, लोहरा, आलोक भगत, अशोक उरांव, रामवृत उराव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कांडी पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना कांड संख्या 32/018 धारा-341/323/307 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त जमुआ गांव निवासी रविन्द्र राम को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 2018 का थाना का प्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र राम वर्षों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु शनिवार को भेजा गया है।

## शहीद मंगल पांडेय की आदकद प्रतिमा का हुआ शिलान्यास



पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड तरहसी शहीद मंगल पांडे के शहादत दिवस पर भंडारा एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 51 पंडितों द्वारा वैदिक मंतोउच्चरण के साथ शंखनाद किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद और संचालन शंकर शुक्ला ने किया। पांकि विधायक डॉ कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शहीद मंगल पांडे जी की आदमकद प्रतिमा का शिलान्यास किया। इस मौके पर पंडित प्रवीण मिश्रा, सतीश मिश्रा, पंकज मिश्रा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, संजय वर्मा, मिथिलेश पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, देवराज साव, पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि रविंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद, परमेश्वर साव,सुरेश राम, अनिल सिंह, इंद्रदेव यादव, कार्तिक सिंह, प्रसिद्ध सिंह, ईश्वर व वीरेंद्र सिंह आदि थे।

### संत मरियम स्कूल में प्रधानाध्यापक ने की चालक-खलासी के साथ बैठक

## चाल नियंत्रण में रखें और बच्चों के सामने धूम्रपान ना करें चालक: कुमार आदर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बच्चों की पढ़ाई लिखाई कई चीजों पर निर्भर है। घर पर तैयार होने, नास्ता करने से लेकर विद्यालय पहुंचने तक बीच में कई चीजों का सामना करना पड़ता है। जिसमें खास है स्कूल बस से विद्यालय आना-जाना। सुरक्षित सफर बस चालक के हाथों में है।इसलिए शनिवार को चालक-उपचालक के साथ संत मरियम विद्यालय के प्रशाल में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने बैठक कर यातायात नियमों के पालन पर गहनता से चर्चा की। चालक, उपचालक को संबोधित करते प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा कि गाड़ी की चाल नियंत्रित हो, बच्चों के सामने धूम्रपान निषेध करें। चलते वाहन में कान में ईयरफोन का प्रयोग सर्वथा वर्जित करें। श्लील संवाद से बचें। रास्ते में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न हो तो तुरंत विद्यालय प्रबंधन को सूचित करें। हमेशा यूनिफॉर्म में रहें। हमेशा शिक्षकों बच्चों से कुछ अच्छी बातों को अमल करें, ताकि आपके व्यवहारिक जीवन में काम आ सके। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का प्रतिकूल असर न पड़े आप सबों को ख़्याल रखना है। बस में बैठे बच्चे देश व समाज के भविष्य हैं। क्या पता कोई सीएम, डीएम मुस्कुरा रहे हों। चलभाष से सभी ड्राइवर हेल्पर को शुभकामनाएं प्रेषित किया और आगे चल कर कुछ बेहतर व्यवस्था बनाने की उम्मीद भी दिये। कहा कि सरकार के दिशा निर्देशों, सीबीएसई के मानक के अनुरूप बसों में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस लगे अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण सभी बसें है जिसे बच्चे हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और समय को भी बचाते हैं। कहा कि चाहें तो अभिभावक किसी भी समय मुआयना कर सकते हैं उनका बच्चा अभी कहां पहुंचा और क्या कर रहा है। हम बेहतर शिक्षा की दिशा में हर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।



चालक-खलाशी आदि के साथ बैठक करते स्कूल प्रबंधक।

## खेसारी लाल के कार्यक्रम में चले पत्थर, महिला डांसर का फटा सिर

### दो पुलिसकर्मी भी घायल, नाराज खेसारी ने कार्यक्रम रोका

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** भोजपुरी गायक सह फिल्म स्टार खेसारीलाल यादव के कार्यक्रम में हंगामा करते हुए कुछ लोगों ने उन्हें निशाना बना कर पत्थर फेंक दिये। इससे एक महिला डांसर का सिर फट गया। यही नहीं, पुलिसकर्मी भी घायल हो गये। महिला डांसर का निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया गया। वहीं, खेसारी लाल ने कार्यक्रम को बीच में ही स्थगित कर दिया और होटल चले गये। मामला पलामू जिले में झारखंड-बिहार की सीमा पर स्थित नौडीहा बाजार प्रखंड के करकट्टा में घटित हुई।

### खेसारी लाल ने सुनायी खरी-खोटी

पलामू जिले में हुई इस घटना के बाद कार्यक्रम को बीच में ही रोकना पड़ा। वहीं, खेसारी लाल यादव भी नाराज हो गये। उन्होंने लोगों को खूब खरी-खोटी सुनायी। कहा कि हम फिल्म बना कर अच्छा पैसा कमा लेते हैं। हमें स्टेज प्रोग्राम करने की जरूरत नहीं, लेकिन लोगों का प्यार देख कर मैं इस तरह का प्रोग्राम करता हूं। आप लोगों का ऐसा व्यवहार अच्छा नहीं लगा।



### मुखिया के पति ने कराया था आयोजन

जानकारी के अनुसार, रामनवमी के उपलक्ष्य में नौडीहा बाजार प्रखंड स्थित करकट्टा पंचायत की मुखिया मंजू देवी के पति रामबली पासवान की ओर से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रामबली पासवान नौडीहा थाना में चौकीदार के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद मनोज कुमार ने किया। वहीं, खेसारी लाल यादव ने भक्ति गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की थी। कार्यक्रम में पांच महिला डांसर नृत्य कर रही थीं। सूत्रों के अनुसार तभी खेसारी लाल को निशाना बनाते हुए भीड़ से ईंट-पत्थर चलाये गये, जो एक महिला डांसर और पुलिस के दो जवानों को लगे।

## अभिभावकों की आंखों में धूल झोंक रहे निजी विद्यालय प्रबंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** सुखाड़ और भुखमरी की मार झेल रहे छतरपुर के लोगों को प्राइवेट स्कूलों की मनमानी झेलनी पड़ रही है। आलम ये है कि बच्चों के अभिभावक त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। एक अभिभावक मसिहानी निवासी रितेश चंद्रा ने बताया कि निजी विद्यालय लोगों की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि छतरपुर में निजी स्कूलों की चांदी है। मनमानी चरम पर है। आलम ये है कि अभिभावक बच्चों के री एडमिशन में फजीहत झेल रहे हैं, अभिभावकों के अनुसार निजी विद्यालय में खुलेआम लूट चल रही है। पहले री-एडमिशन के नाम पर बच्चों के अभिभावकों से निजी विद्यालय के प्रबंधक पैसे की उगाही करते थे। वहीं आज री-एडमिशन का नाम हटाकर विकास राशि के नाम पर पैसे की मोटी रकम वसूल रहे हैं। अभिभावक बताते हैं कि सरकार जब तक राज्यभर में शिक्षा नीति कड़ाई से लागू नहीं करती है तब तक राज्य की जनता परेशान और हताश होती रहेगी। सरकार किसी की भी हो निजी विद्यालय के लोग की चांदी ही रही है। आज नर्सरी एलकेजी यूकेजी में बच्चों के एडमिशन कराने के लिए निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 10 से 20 हजार रुपये तक की राशि विद्यालय प्रबंधन द्वारा ली जाती है। वहीं नामी-गिरामी विद्यालय में लाखों रुपए विकास के नाम पर बच्चों के अभिभावकों से ली जा रही है। उसके बाद खुद से ही विद्यालय बच्चों को स्कूल में ड्रेस, कॉपी-किताब उपलब्ध कराता है एक बच्चों को कॉपी किताब की राशि लेने में अभिभावकों को लगभग 10 हजार रुपये कि राशि देने पड़ रहे हैं। अभिभावक बताते हैं कि शिक्षा आज के समय में व्यापार बनकर रह गया है। दुखद बात यह है कि बच्चों के लिए शिक्षा अगर पाना है तो मोटी रकम देनी पड़ेगी। सरकार सर्व शिक्षा देने में फेल साबित हो रही है। निजी विद्यालयों की बल्ले बल्ले है। पूरे राज्य भर के अभिभावक सरकार से शिक्षा नीति लागू करने की मांग कर रहे हैं। अगर शिक्षा नीति लागू हो जाती है तो अभिभावकों को हर बार लगने वाला लाखों रुपए की रकम बंद हो जाएगी।

लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है और पलामू डीसी और शिक्षा सचिव से स्कूलों की जांच कर अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने की भी मांग की है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ गुब्बारा फोड़ समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप शाहपुर मेदिनीनगर में बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। जिसमें फाउंडेशनल स्टेज प्री नर्सरी से कक्षा द्वितीय (नई शिक्षा नीति के तहत) तक के छात्रों ने भागीदारी निभाई। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति (आठ अप्रैल) को विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव के लिए इस प्रकार की अनेक गतिविधियां कराई जाती है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा गुब्बारों सहित विभिन्न गीतों पर नृत्य का मनोहारी प्रर्दशन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है। ऐसे गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है।

## सीआइएसएफ-पुलिस ने करायी अवैध उत्खनन स्थल की भराई

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** कोयला तस्करी और परियोजना में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश रोकने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से पिछले दिनों डीसी के नेतृत्व में हुई संयुक्त बैठक के बाद पुलिस और सीआइएसएफ रेस हो गई है। शनिवार को बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एएमपी कोलियरी के फॉर ए पैच में चल रहे अवैध उत्खनन स्थल की बीसीसीएल, बरोरा पुलिस और सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से मिलकर भराई करवाई। दोपहर 12 बजे के आसपास बीसीसीएल प्रबंधन, बरोरा पुलिस और सीआईएसएफ की टीम ने संयुक्त रूप से एएमपी कोलियरी के फोर ए पैच में चल रहे तीन अवैध उत्खनन स्थल की भराई करवाई। इस कार्रवाई से आसपास के अवैध धंधेबाजों के बीच हडकंप मच गया। सीआइएसएफ-पुलिस के आने की भनक लगते ही अवैध उत्खनन स्थल पर कार्य कर रहे कोयला चोर चकमा देकर भागने में सफल रहे। ओवरमैन नवलकिशोर ने बताया कि इस अवैध उत्खनन स्थल की भराई करने के लिए पहले भी प्रयास किए गए थे। लेकिन कोयला चोर बीसीसीएल कर्मी और सीआईएसएफ जवान से उलझ जाते थे और अवैध उत्खनन स्थल की भराई का विरोध कर मारपीट करने के लिए तैयार हो जाते थे। स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन ने बरोरा पुलिस से लिखित आवेदन देकर सहयोग की मांग की थी जिसके बाद बरोरा पुलिस की सहयोग से शनिवार को तीन अवैध उत्खनन स्थल की भराई करने मे सफलता प्राप्त हुई है।



### मुराइडीह में अवैध उत्खनन पर मेहरबानी क्यों

दूसरी तरफ बरोरा थाना से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित मुराईडीह बस्ती के समीप अवैध उत्खनन का कार्य रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। न जाने कितने बार बरोरा पुलिस, सीआईएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन की संयुक्त टीम ने अवैध उत्खनन स्थल की भराई कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाने का प्रयास किया, लेकिन कभी बीसीसीएल प्रबंधन को सफलता नहीं मिली। बीसीसीएल द्वारा अवैध उत्खनन स्थल की भराई करने के एक दो दिन के अंदर ही मुराईडीह बस्ती के लोग फिर से उसी जगह पर अवैध मुहाने खोलकर प्रतिदिन साईकिल और बाइक से अवैध कोयले की ढुलाई शुरू कर देते हैं। इन्हें स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ जवान से कोई डर नहीं लगता है। जानकारी के अनुसार बर्षो पहले कंपनी के टाईम और उसके बाद बीसीसीएल द्वारा मुराईडीह बस्ती के समीप कोयला खदान चलाया जाता था। खदान बंद होने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने खदान का मुह बंद कर दिया था। मुराईडीह बस्ती के लोग उसी मुहाने और खदान के पंखा घर का मुह खोलकर प्रतिदिन सैकड़ों बोरा कोयला निकाल कर अवैध डिपो पर पहुंचा कर कमाई करते है।

## जीवंत झांकी और लड़की बुलट राइडर्स के साथ निकलेगी शोभायात्रा : युवा वाहिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लड़की बुलैट राईडर्स, जीवंत झांकी व तरसा पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव शोभायात्रा में। शोभायात्रा में वाराणसी से शंख बजाने वाले विशेषज्ञों की विप्र टोली इस नेतृत्व करते हुए सबसे आगे चलेंगे। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी), प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय (लल्लू पांडेय) व पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे ने बताया कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में जीवंत झांकी में भगवान परशुराम, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का दरबार, महादेव व बीर बजरंग बली पर आधारित जींवत झांकी की प्रस्तुती की जाएगी। उन्होंने बताया कि लड़की बुलट राईडर्स शहर के लिए अनोखा दृश्य होगा और शहर में इस प्रकार की यह पहली प्रस्तुती होगी। वहीं शोभायात्रा में लाईव भक्ति जागरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुती की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेड़मा रांची रोड (ठाकुरबाड़ी के नजदीक) स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से 22 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पंडित चंद्रशेखर आजाद चौक (रेड़मा) होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहूँचेगी जहाँ मंग्ला काली मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा वहां से निकलकर सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए रेड़मा ठाकुरबाड़ी में समाप्त होगा।



## हुसैनाबाद के दो घरों में लगी भीषण आग, लाखों के सामान जल कर खाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बिशुनपुर गांव निवासी रामनंदन राम और संतोष राम के दो घरों में अचानक आग लग गयी। जिससे अनाज, कपड़े, बर्तन, मवेशी का चारा और 60 हजार रुपए नगदी समेत करीब दो लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गयी। वहीं आग बूझाने में गृह स्वामी रामनंदन बूरी तरह झुलस गए। बताया जा रहा कि आग लगने की सूचना पर हुसैनाबाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, पर तब तक सबकुछ जल कर राख हो चुका था। भुक्तभोगी गृहस्वामी को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। भुक्तभोगी परिजनों ने दरूआ बेनी पंचायत के मुखिया और हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर आपदा राहत कोष से अविलंब क्षतिपूर्ती मुआवजे राशि की मांग की है।



घर में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

# स्पोर्ट्स



दिल्ली केपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं बल्लेबाजी करनी उतरी राजस्थान की टीम ने 20 ओवर में 199 रन बना लिया। 200 रन का पीछा करने उतरी दिल्ली 142 रन पर ही सिमट गई।

### दिल्ली कैपिटल्स ने गंवाया सीजन का तीसरा मुकाबला, बोल्ड ने झटके तीन विकेट

## दिल्ली पर राजस्थान की 57 रन से धमाकेदार जीत

एजेंसी

**गुवाहाटी।** ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में खेल रही दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के मौजूदा सीजन में शनिवार को खेला गया तीसरा मुकाबला गंवा दिया है। टीम को राजस्थान रॉयल्स ने 57 रनों से हरा दिया। यह राजस्थान की दिल्ली पर ओवरऑल 14वीं जीत है। गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीता और पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में 200 रन का लक्ष्य की पीछा करने उतरे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज 20 ओवर में 9 विकेट पर 142 रन ही बना सके।



### राजस्थान को मिली मजबूत शुरूआत

सीजन के 11वें मुकाबले में राजस्थान के ओपनर्स ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। यशस्वी-बटलर की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद शिमरोन हेटमायर ने छोटी और तेज पारी खेलकर स्कोर 199 रन पहुंचाया। 200 के टारगेट का पीछे करने उतरी दिल्ली को बोल्ट ने शुरूआती झटके दिए। बीच में वार्नर-यादव ने पारी को संभालने की नाकाम कोशिश की, लेकिन चहल और अश्विन ने मिडिल ऑर्डर को चलने नहीं दिया। आखिरकार दिल्ली मैच हार गई।

### राजस्थानी गेंदबाजों के नाम रहा पावरप्ले

मैच की दूसरी पारी का पावरप्ले राजस्थानी गेंदबाजों के नाम रहा। ट्रेंट बोल्ड ने पहले ही ओवर में ओपनर पृथ्वी शॉ और मनीष पांडेय को पवेलियन लौटाया। तब टीम का खाता भी नहीं खुला था। उसके बाद रविचंद्रन अश्विन ने राइली रूसो को आउटकर पवेलियन की राह दिखाई। छह ओवर में दिल्ली ने 38 रन बनाने में अपने तीन विकेट गंवा दिए थे।

## पंत के दाहिने पैर का दर्द बढ़ा, पूरी तरह फिट होने में लग सकता है लंबा समय

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को स्टेडियम में जाकर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को चीयर करना महंगा पड़ गया है। उनके दाहिने पैर में दर्द बढ़ गया है। पंत के एक करीबी ने एक दैनिक अखबार को बताया कि स्टेडियम जाने के दौरान ज्यादा चलने की वजह से जिस पैर में सर्जरी हुई थी, उसमें दर्द बढ़ गया है। इस वजह से पंत को लेकर बीसीसीआइ की योजना भी खटाई में दिख रही है।

### क्या है पूरा मामला

आइपीएल 2023 का सातवां मुकाबला 4 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच को देखने के लिए ऋषभ पंत भी स्टेडियम पहुंचे थे। कार दुर्घटना में घायल होने के बाद पंत को पहली बार किसी मैदान पर देखा गया था। दिल्ली कैपिटल्स ने सोशल मीडिया पर पंत के कई वीडियो शेयर किए थे जिसमें साफ तौर देखा जा सकता था, कि वह अभी खुद से चलने में असमर्थ थे। उन्हें सहारे की जरुरत महसूस हो रही थी।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की योजना फेल होती दिख रही

ऋषभ पंत की इस खबर के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से पहले टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले कुछ हफ्तों में पंत की स्थिति में सुधार को देखते हुए इउउक पंत को जून में इंग्लैंड में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तक फिट कराने की कोशिश कर रहा था। सूत्र के मुताबिक पंत का रिहैब कराने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के दो फिजियो उनके साथ हैं। पंत अभी अपने दिल्ली स्थित घर में हैं। उनके साथ बीसीसीआइ के फिजियो भी हैं। पंत हर हफ्ते इलाज के लिए मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल जाते हैं।

## 11 अप्रैल के रांची सचिवालय घेराव कार्यक्रम में बोकारो से बड़ी संख्या में शामिल होंगें भाजपाई

# झारखंड में शिक्षित बेरोजगार युवाओं का बनाया जा रहा मजाक : आदित्य साहू

**भाजपा के वरिष्ठ नेताओं-विधायकों-पूर्व विधायकों ने बैठक कर बनाई रणनीति**

आजाद सिपाही संवाददाता


आंदोलन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते भाजपा के सांसद, विधायक व अन्य।

**बोकारो।** झारखंड सरकार की नीतियों, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर 11 अप्रैल को भाजपा की ओर से झारखंड सचिवालय का घेराव और विशाल जनाक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारियों को लेकर बोकारो परिसदन में शनिवार को जनप्रतिनिधियों, प्रदेश पदाधिकारियों, मंच मोर्चा के पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों आदि की बैठक हुई। जिसमें शामिल प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने स्वागत व अभिंदन किया। इस दौरान आदित्य साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं से 11 अप्रैल को झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोकारो से भारी संख्या में रांची कूच करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टचार चरम सीमा को पार कर चुका है। अवैध खनन जोरो पर है। अवैध उगाही खुलेआम हो रही है। कानून व्यवस्था भी चौपट हो गई है। महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। शिक्षित बेरोजगार युवाओं का मजाक बनाया जा रहा है। प्रदेश की महागठबंधन सरकार की इन्हीं नाकामियों को लेकर भाजपा 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव करेगी। उक्त कार्यक्रम में बोकारो जिला से लगभग 10 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान बैठक में गिरिडीह के निवर्तमान सांसद रविंद कुमार पांडेय, मुख्य सचेतक विरोधी दल सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी, निवर्तमान बेरमो विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी विनय सिंह, शशि भूषण ओझा, रोहितलाल सिंह, कुमार अमित, शंकर रजक, लक्ष्मण नायक, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अनिल स्वर्णकार, अर्चना सिंह, लीला देवी, संजय त्यागी, जयदेव राय, सुभाष महतो, विक्रम पांडेय, जयनारायण मरांडी, दशरथ महतो, गौर रजवार, अशोक कुमार पप्पू, माथुर मंडल, महेंद्र राय, नीरज कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, देव नारायण प्रजापति, सुरेश दूबे, अर्जुन सिंह, चितरंजन साहू, फटिक चंद्र दास, विनोद कुमार, एके वर्मा, प्रकाश सिंह, घनश्याम आनंद, राजेश वर्णवाल, विनोद गोराई और धर्मेंद्र महथा आदि मौजूद थे।

## ज्ञान विज्ञान समिति का शिक्षा बचाओ-देश बचाओ कला जत्था सिंदरी पहुंचा



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड का शिक्षा बचाओ, देश बचाओ कला जत्था विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए शनिवात को सिंदरी पहुंचा। जहां मदर टेरेसा स्कूल रंगामाटी, सिंदरी एवं नेहरू मैदान शहरपुरा सिंदरी में नुक्कड़ नाटक भविष्य का सौदा का मंचन किया गया। कलाकारों ने गीत के माध्यम से जल-जंगल और जमीन की रक्षा करने की अपील की। शिक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन पर जनवादी महिला समिति (एडवा) सिंदरी नगर कमेटी की ओर से समिति की सिंदरी नगर कमेटी अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिठू दास, रंजू प्रसाद एवं सविता सिंह उपाध्यक्ष आदि ने शिक्षा बचाओ-देश बचाओ जत्था टीम को सम्मानित किया।

## जगरनाथ महतो के निधन से झारखंड की हुई अपूरणीय क्षति : महेश त्रिपाठी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चिन्मय विद्यालय में शनिवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजन कर प्रदेश के लोकप्रिय नेता व शिक्षामंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बताया गया कि जगरनाथ महतो के निधन से झारखंड को अपूणीय क्षति हुई है। वे झारखंड के जुझारू, साहसी और लोकप्रिय नेता थे। वे हमेशा ही अपने क्षेत्रों में आमजन के सहयोग के लिए तत्पर रहते थे। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ ही विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, रश्मि सिंह आदि थे।

## टाइगर जगरनाथ महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड क्षेत्र में साक्षरता के साथियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को महुदा रेलवे ग्राउंड में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता साक्षरता कर्मी विनोद महतो एवं संचालन नईमुद्दीन अंसारी ने किया। विनोद महतो ने कहा कि जगरनाथ महतो जमीन से जुड़े लड़ाकू-जूझारू नेता थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा व साक्षरता से संबंधित उल्लेखनीय कार्य किया।


### जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सामग्रियों की निलामी हेतु अल्पकालीन सूचना**

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक– 1159/आपूर्ति दिनांक– 02.09.2022, ज्ञापांक– 1375 दिनांक– 07.10.2022 ज्ञापांक– 1606/आपूर्ति दिनांक– 10.11.2022, ज्ञापांक– 78/आपूर्ति दिनांक– 12.01.2023 तथा ज्ञापांक– 495/आपूर्ति दिनांक– 16.03.2023 द्वारा गुमला जिला इकाई के भण्डार में उपलब्ध बेचे जाने योग्य अनुशंसित अनुपयोगी सरकारी सामग्रियों को बेचने/नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ है। नीलामी की जाने वाली सामग्रियों की सूची निम्न है :–

| क0 | सामग्रियों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेडल | 69 |
| 2 | भीसिल | 39 |
| 3 | क्वार्टर गार्ड गैंग चैन के साथ | 01 |
| 4 | स्टील बॉक्स | 03 |
| 5 | क्लोदिक रेक | 03 |
| 6 | कलछुल लोहे का बड़ा | 01 |
| 7 | कलछुल लोहे का छोटा | 01 |
| 8 | कडाही लोहे का बड़ा | 02 |
| 9 | कडाही लोहे का छोटा | 01 |
| 10 | कंधा बैच (B.H.G.) | 527 |
| 11 | कैंची कपड़ा काटने वाला | 01 |
| 12 | स्टील अलमीरा छोटा | 02 |
| 13 | गैस लैम्प 5 लीटर | 01 |
| 14 | आयरन बिजली | 01 |
| 15 | चिमटा लोहे का बड़ा | 03 |
| 16 | चिमटा लोहे का छोटा | 02 |
| 17 | छोलनी लोहे का बड़ा | 02 |
| 18 | छोलनी लोहे का छोटा | 03 |
| 19 | छनौटा लोहे का बड़ा | 02 |
| 20 | छनौटा लोहे का छोटा | 01 |
| 21 | टेबल फॉल्डिंग | 02 |
| 22 | टॉर्च 3 सेल | 03 |
| 23 | डेगची अलमुनियम का 20 इंच | 01 |
| 24 | डेगची अलमुनियम का | 03 |
| 25 | पेट्रोमेक्स (FR) | 02 |
| 26 | कुर्सी फाइबर का | 12 |
| 27 | पानी का ड्रम | 05 |
| 28 | टेबल फाइबर का | 02 |
| 29 | फसूल लोहे का बड़ा | 01 |
| 30 | फसूल लोहे का छोटा | 02 |
| 31 | फासटेड बॉक्स | 02 |
| 32 | फायर स्टेन | 01 |
| 33 | बाल्टी बड़ा | 10 |
| 34 | बिगुल ब्रस | 01 |
| 35 | फासटेड बुक | 14 |
| 36 | भी0आई0पी0 कुर्सी | 01 |
| 37 | स्टील बाक्स बड़ा | 01 |
| 38 | बेल हेलमर माईक | 01 |
| 39 | मेडल रजत जयंती | 61 |
| 40 | तवा लोहे का बड़ा | 02 |
| 41 | तवा लोहे का छोटा | 01 |
| 42 | रेंज अम्ब्रेला | 01 |
| 43 | लाल कम्बल | 03 |
| 44 | बाटर बोतल | 101 |
| 45 | स्टीरफ पम्प ब्राश | 02 |
| 46 | थर्मस | 01 |
| 47 | हेलमेट | 57 |
| 48 | ऑयल बोतल | 46 |
| 49 | लालटेन | 06 |
| 50 | मोबाईल सेट (Nokia) | 01 |
| 51 | सीलिंग पंखा | 01 |
| 52 | ट्रंक छोटा | 01 |
| 53 | कुर्सी | 01 |
| 54 | कुदाल | 01 |
| 55 | Computer with (a) CPU (b) UPS (Batary-3) (c) Key Board (d) 17" LCD Monitor | 01 सेट |
| 56 | HP all In one Desktop Computer | 01 सेट |
| 57 | HP Laser Printer | 01 |
| 58 | HP Multifunctional Fax Machin | 02 |
| 59 | Laptop with bag | 01 |

अतः इच्छुक केता/खरीददार जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी चन्दाली, गुमला में दिनांक– 16.04.2023 तक कार्यालय अवधि में सामग्रियों का अवलोकन कर उक्त रद्दीकृत सामग्री का अधिकतम मूल्य निर्धारित कर बंद लिफाफे में जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी चन्दाली, गुमला में जमा करेंगे। रद्दीकृत सामग्री को लेने का अधिकार अधिकतम मूल्य देने वाले व्यक्ति को विकय/निलामी के बाद पूर्ण राशि भुगतान करने के पश्चात दिया जायेगा।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0)
–सह– जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गुमला।

PR 294649 Home, Prison And Disaster Management(23-24)D


## एनएसयूआइ ने की बीएसके मैथन कॉलेज के परीक्षा केंद्र बदलने की मांग



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई ने शनिवार को बीएसके मैथन कॉलेज के परीक्षा केंद्र बदलने की मांग की है। बतातें चलें कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूजी सेमेस्टर 5 परीक्षा की शुरूआत 11 अप्रैल से होनी है। जहां बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र वर्तमान में केके टीटी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित किया गया है। जिला सचिव मनीष झा एवं बीएसके मैथन कॉलेज के उपाध्यक्ष शाहबाज हुसैन ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की। मांग पत्र देते हुए कहा कि बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र केके टीवी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित की गई है जो हमारे कॉलेज से काफी दूर और मैथन कॉलेज में बहुत से विद्यार्थी बंगाल से भी आते हैं। ऐसे में उन विद्यार्थियों का समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचना एवं छात्राओं को अंधेरा होने से पूर्व अपने घर पहुंचने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा शुरू होने से पूर्व मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र किसी नजदीकी कॉलेज को बनाया जाय।

## जयरामपुर में गर्म ओबी की चपेट में आकर बीसीसीएल का सेवानिवृत्त कर्मी झुलसा



**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** लोदना क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी डीजीएमएस नियमों को ताक पर रखकर कोयला उत्खनन कर रही है। जिसका ताजा मामला शनिवार को देकने को मिला। उत्खनन कार्य कर रही सुशी आउटसोर्सिंग द्वारा गर्म ओबी डंपिंग करने के दौरान एक स्थानीय बुजुर्ग चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में बुजुर्ग को डिगवाडीह स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा कि जयरामपुर बीयर कंपनी के पास रहने वाले सेवानिवृत बीसीसीएल कर्मी कैलाश भुईया शौच के लिए गए थे। तभी आउटसोसिंग के गर्म ओबी चपेट में आ गये। इसके बाद कैलाश भुईया को स्थानीय लोगों द्वारा डिगवाडीह के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कैलाश भुइयां शौच के लिए गए थे। तभी ओबी उनके ऊपर गिर गया, जिससे पैर और हाथ बुरी तरह से झुलस गया। हालांकि सूत्रों की मानें तो कोयला चुनने के दौरान घटना घटी है।

# स्थानीय शिक्षित युवाओं को रोजगार दें या बोरिया बिस्तार बांध कर वापस लौट जायें आउटसोर्सिंग कंपनियां: कन्हाई

**शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर 10 से अनिश्चितकालीन चक्का जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र के फुलारीटांड कोलियरी अंतर्गत संचालित हिल टॉप आउटसोर्सिंग में स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियोजन देने की मांग को लेकर ग्रामीण 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। शनिवार की शाम मंदरा पंचायत के माथाबांध में कन्हाई चौहान के नेतृत्व मे हिल टॉप आउटसोर्सिंग माइंस के आसपास पंचायत के ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि बाघमारा प्रखंड के क्षेत्र में विभिन्न आउटसोर्सिंग माइंस चल रही है, लेकिन झारखंड सरकार की ओर से निर्धारित स्थानीय नियोजन निती का पालन नहीं किया जा रहा है। हमलोगों ने हिल टॉप आउटसोर्सिंग प्रबंधन व स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई बार लिखित आवेदन देने के साथ ही स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता भी की है। लेकिन आउटसोर्सिंग प्रबंधन व स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है। आउटसोर्सिंग और बीसीसीएल प्रबंधन केवल अश्वासन ही दे रहा है। मंदरा, बरोरा, फुलारीटांड, मुराईडीह व लुतिपहाडी पंचायत के युवाओं को रोजगार के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है। जबकि बाघमारा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न आउटसोर्सिंग माइंस चल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि आउटसोर्सिंग व बीसीसीएल प्रबंधन की गोद मे बैठकर केवल अपनी जेब भर रहे हैं। इसलिए मजबूर होकर सोमवार से चक्का जाम आंदोलन कर रहे है। इसबार की लडाई आरपार की होगी। या तो आउटसोर्सिंग प्रबंधन स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देगी या अपना बोरिया विस्तर समेट कर वापस लौट जाएगी। इस मौके पर कन्हाई चौहान, शंकर बेलदार, दीपक चौहान, बंटी अंसारी, मनोज भुईया, लीललू गोप, सुबोध गोप, रामनाथ रजक, चंद्रशेखर महथा, लखित यादव, शम्भू महतो, शंकर साव, सुभाष महतो, बिनोद साव, कमल महतो, सोनी चौहान, छोटू अंसारी ,पिंकू पाल आदि उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ



**महुदा (आजाद सिपाही)।** पाथरगड़िया पंचायत के उपर नागदा स्थित सिंह टोला में शनिवार को जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने पीसीसी पथ एवं कल्वर्ट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त पथ संजय सिंह के घर से मुख्य मार्ग तक निर्माण होगा। जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने बताया कि सिंह टोला के ग्रामीणों की बहुत दिनों से मांग थी कि यहां पीसीसी पथ एवं कल्वर्ट का निर्माण हो। ताकि ग्रामीणों को आने जाने में असुविधा ना हो। यह कार्य 15वें वित्त योजना से किया जा रहा है। अन्य क्षेत्र में भी ग्रामीणों को अगर किसी प्रकार की समस्या है तो हमें सुचित करें, उस समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कमल महतो, विजय रजक, दिपक गयाली,राजीव सिंह, अनिल सिंह, फनी सिंह, राजेश सिंह, डोली देवी, पार्वती देवी, जोशना देवी, मीना देवी, सावित्री देवी आदि थीं।

## बीजीएच में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सभी के लिए स्वास्थ्य थीम के साथ बोकारो जनरल अस्पताल में सीएमओ डॉ विभूति भूषण करूणामय के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। समारोह की शुरूआत स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ हुई, जिसमें लगभग 300 मरीजों की चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा रक्तचाप, ब्लड शुगर, ऊंचाई, वजन और बीएमआई जांच की गई। इसके बाद एडिश्नल सीएमओ डॉ श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों पर चर्चा की गई। साथ ही एडिश्नल सीएमओ डॉ वर्षा घाणेकर ने स्वास्थ्य के महत्व के बारे में एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस सत्र में अकादमिक समिति के अध्यक्ष एडिश्नल सीएमओ डॉ आर के गौतम ने भी विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि स्वास्थ्य का अधिकार एक मौलिक मानव अधिकार है जो आवश्यकतानुसार सभी को उपलब्ध होनी चाहिए।

## अपील : बगदा में सुरक्षित गांव पर सेमिनार का आयोजन

# बाल तस्करी, बाल विवाह और बाल श्रम समेत कोई भी मामला दिखे तो करें शिकायत, तुरंत होगी कार्रवाई: मुखिया गीता देवी


बगदा उच्च विद्यालय में बच्चों को संबोधित करते प्रतिनिधि व संस्था के लोग।


कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चियां।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम का मामला हो या बाल अधिकार के हनन का। कहीं भी मामला दिखे तो तुरंत चाइल्ड लाइन को फोन करें। शिकायत के कुछ ही घंटे में मामले पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। उक्त बातें बगदा पंचायत की मुखिया गीता देवी ने कही। वे कसमार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बगदा में सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित सुरक्षित गांव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को संबोधित कर रही थीं। मुखिया ने बाल विवाह की रोकथाम एवं इससे जुड़े कानूनी पहलुओं, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम समेत अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की। वहीं, पंसस मऊ भट्टाचार्य ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बाल तस्करी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है। इसको लेकर सहयोगिनी एवं ऑपरेशन रेड अलर्ट का प्रयास सराहनीय है। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बाल अधिकार के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के अधिकार को लेकर हर स्कूलों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित से बच्चे व ग्रामीण काफी लाभावित होंगे। वहीं, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि मानव बाल तस्करी की घटना एक बड़ी चुनौती है। इसे रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक बनना होगा। गांव में शादी या काम दिलाने का झांसा देकर ट्रैफिकिंग के मामले ज्यादा आ रहे हैं। आप पास कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत स्थानीय प्रशासन या चाइल्ड लाइन के टॉल फ्री नंबर पर सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए संकल्प भी लिया। इसके अलावा सभी बच्चों को चाइल्ड लाइन की सेवा 1098 की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि बच्चों की किसी भी तरह की मुसीबत में चाइल्ड लाइन दिन रात मदद करती है। इस मौके पर वार्ड सदस्य समीर भट्टाचार्य, संस्था के रवि कुमार, शेखर शरदेंदु, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार दास, संजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।


### कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती सूचना (3rd Call)**

**कुडू बस स्टैण्ड एवं कुडू हाट**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिला परिषद् के नियंत्राधीन बस स्टैण्ड एवं हाट की बन्दोबस्ती अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नांकित तिथियों को की जायेगी:–

| क्र0 | बस स्टैण्ड/हाट का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कुडू बस स्टैण्ड | 37,15,650/- | 371565/- | 15.04.2023 | अपराह्न 03:00 बजे |
| 2 | कुडू हाट | 16,68,650/- | 166865/- | 15.04.2023 | अपराह्न 03:30 बजे |

इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 4 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो तथा संबंधित अंचल अधिकारी या उच्च स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र डाक के पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवम् शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले की वेबसाइट www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 294646 Lohardaga(23-24)D

### MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-01/2023-24 Date – 06/04/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 11/04/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 17/04/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 18/04/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 19/04/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | Assistant Engineer, Minor Irrigation Sub Division, Senha. |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Details of Works :-**

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko | Construction of PCC Road for Awasiya Vidyalaya Parhepat at Vill- Parhepat. | 18.72600 | 0.5000 | 0.37500 | 02 Months |

**Note: - Only e-Tender will be accepted**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 294668Lohardaga(23-24)#D

## मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने किया निरीक्षण



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने कांटाबांजी, हरिशंकर रोड, बागबाहरा, खरियार रोड और आरंग महानदी रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और चल रही विकास गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और कर्मचारियों को सभी मामलों में सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने टिटिलागढ़-आरंग महानदी खंड के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।

# छात्रों के लिए व्यापक रूप से फैली हुई है कानूनी शिक्षा : गोपाल कृष्ण महांति

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** कानून की कई परिभाषाएं हैं और यह व्यापक रूप से छात्रों तक फैला हुआ है। आइन जीबी के वृत्ति में बहुत सारे बदलाव हुए हैं, इसलिए इस वृत्ति में प्रवेश करने वाले छात्रों को अपना समय अच्छी तरह से उपयोग करना चाहिए। यह बात वरिष्ठ आइन जीबी तथा ओड़िशा उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महांति ने कही। फैकल्टी ऑफ लॉ (सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ) ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के 7वें वार्षिक उत्सव जस्टिसिया-2023 के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए श्री महांति ने यह बात कही। इसी तरह, ओडिशा उच्च न्यायालय के वकील शास्वत कुमार आचार्य ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और छात्रों को कानूनी पेशे के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवावस्था और समय आज छात्रों के लिए सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए, अपनी सारी ऊर्जा और समय को अपनी युवावस्था में ठीक से उपयोग करने की आवश्यकता है।

इसी तरह श्री आचार्य ने कहा कि मूट कोर्ट, इंटर्नशिप, मॉक ट्रायल और पार्लमेंटरी डिबेट छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को आजकल के समय में कानूनी पत्रकारिता के महत्व के बारे में बताया। इसी तरह, अपने करियर को बनाने के लिए उचित तैयारी, कड़ी मेहनत, ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा और अदालत में बिचारपती और उन पक्षों के प्रति स्नेह होना चाहिए, जिनके लिए कोई केस लड़ रहा है।

सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद के अधाक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्निलर के डीन प्रोफेसर एस एके आजाद ने अतिथि का परिचय दिया। कुलपति प्रो नंद ने छात्रों की भूमिका और भविष्य के बारे में व्याख्यान दिया और सोआ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## महाराष्ट्र के सीएम मंत्रियों के साथ अयोध्या रवाना हनुमानगढ़ी मंदिर, राम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना सांसदों और विधायकों के साथ शनिवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए रवाना हुए। इससे एक दिन पहले शिवसेना के तीन हजार से ज्यादा शिवसेना कार्यकर्ता दो ट्रेनों में रामनगरी के लिए रवाना हुए थे। वहीं, शिदें के दौरे से पहले आज उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजकुमार विश्वकर्मा आयोध्या पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीजीपी ने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों से सुरक्षा की विस्तृत जानकारी ली।

## रांची सचिवालय घेराव को सफल बनाने को लेकर भाजपा की बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा कार्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान आगामी 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आहुत रांची सचिवालय का घेराव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भारी संख्या में भाग लेने का अपील की गयी। मौके पर गिरिडीह के प्रभारी अमित तिवारी, मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद, भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं कोडरमा लोकसभा सांसद अध्यक्षता भाजपा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे और भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह आदि उपस्थित रहे। साथ ही गिरिडीह के भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय शाहवादी, बगोदर के पूर्व भाजपा विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनय शर्मा एवं सुरेश साव के साथ-साथ गिरिडीह जिला के सभी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन खोरधा रोड का सृजन कला महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन खोरधा रोड द्वारा सृजनकुंज का वार्षिक समारोह सृजन कला महोत्सव-2023 का आयोजन रेतंग कॉलोनी कल्याण मंडप में किया गया। इस अवसर पर रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, शुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्षा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन और शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) उपस्थित थे। सृजनकुंज संगीत, कला एवं संस्कृति का एक स्कूल है, जो खोरधा रोड मंडल के कल्याणकारी गतिविधियों के तत्वावधान में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा चलाया जाता है।

इस अवसर पर खोरधा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। सृजनकुंज के बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सृजनकुंज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सभी सदस्य और शाखा अधिकारी उपस्थित थे। सृजनकुंज की प्रभारी सूर्यस्नता बेहुरा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## किट भौतिक विज्ञान संस्थान का जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर, पुरी।** जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक 26 से 28 तारीख तक भुवनेश्वर में होगी। इससे पहले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा राज्य व्यापी जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की जी-20 अध्यक्षता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस मौके पर किट यूनिवर्सिटी ने भुवनेश्वर के उपनगर शिखर चंडी पहाड़ के ऊपर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया था। किट यूनिवर्सिटी के 250 से ज्यादा छात्रों ने आसपास की सफाई की। इसमें किट यूनिवर्सिटी के कर्मचारी भी शामिल हुए थे। इसी तरह जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत भौतिक विज्ञान संस्थान भुवनेश्वर द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। इसने भारत की जी-20 अध्यक्षता के बारे में सचेतनता किया गया था। जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत पुरी में राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिब परिसर में पौधे रोपण किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों व फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**